सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 24 फाल्गुन, 1944 (श०) / 15 मार्च, 2023 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 292

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | - | - | 129 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | - | - | 46 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | - | - | 12 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | - | - | 52 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | - | - | 22 |
| (6) | पंचायती राज विभाग | - | - | 27 |
| (7) | श्रम संसाधन विभाग | - | - | 04 |
| | | | कुल योग -- | 292 |

योजना उपलब्ध करना

'क'-*389. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट विधान सभा के काराकाट प्रखंड में देव ग्राम अवस्थित है, जिसके वार्ड संख्या 5, पूरब टोला में ग्रामीण सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल-जल से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोलों में उक्त योजना से कबतक पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण कराना

'ख'-*391. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद नगर परिषद् क्षेत्र के बीचों-बीच दरधा नदी गुजरती है, जिसके कारण वार्ड नम्बर 32, जाफरगंज जहाँ बड़ी आबादी अल्पसंख्यकों की है, जो नदी के पूर्वी किनारे पर बसा हुआ है एवं नदी के पश्चिमी किनारे पर वार्ड नम्बर 19 बाजार है, बरसात के दिनों में पुल नहीं रहने के कारण आमलोगों को पढ़ाई, दवाई एवं बाजार जाने में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दरधा नदी पर फुटब्रिज पुल का कबतक निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1469. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड खिजरसराय के ग्राम-डंमर विगहा में आजतक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में सड़क निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1470. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के चाँदन प्रखंड स्थित विरनियाँ पंचायत, ग्राम-विरनियाँ हरिजन टोला से देवघर, सुल्तानगंज मेन रोड तक तथा उत्तरी कसवा, वजीलला पंचायत, ग्राम-सिलुवा में सिलुवा डाकबांगला से खजुरिया गाँव तक सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण वहाँ के लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 2 मार्च, 2023 को सदन द्वारा पंचायती राज विभाग में स्थानान्तरित ।

'ख'-दिनांक 2 मार्च, 2023 को सदन द्वारा जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।

चैकडैम बनाना

*1471. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड के कोलथा पंचायत में पीपलडांगी मरीया, वार्ड नम्बर 11 के समीप सखुआ कानर में चैकडैम नहीं रहने के कारण बरसात में हजारों एकड़ जमीन का फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर चैकडैम बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदों पर नियुक्ति करना

*1472. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा भर्ती एवं सेवाशर्तें नियमावली नहीं बनाये जाने के पश्चात् भी बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 द्वारा विज्ञापन संख्या 22, दिनांक 19 फरवरी, 2022 द्वारा आई0टी0 मैनेजर के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विज्ञापन पर तत्काल रोक लगाते हुये नियम में संविदा/नियमित नियुक्ति हेतु सेवा भर्ती नियमावली का निर्माण करते हुये नियमानुकूल सभी पदों पर नियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1473. श्री मोती लाल प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुप्पी प्रखंड के नरहा-कन्सारा से नन्हकार जाने वाली पथ में कन्सारा से दक्षिण रजुआहा नासी में पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्क पथ से जोड़ना

*1474. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के हिसुआ प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-बजरा के टोला मुरली नगर में अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं, इस टोला के ग्रामीणवासी पहुँच पथ की सुविधा से अबतक वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला को कबतक सम्पर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पी0 सी0 सी0 नाला का निर्माण

*1475. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष-2020-21 में सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण निश्चय योजना के तहत अनाच्छादित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कराकर नाला निर्माण कराने का माननीय मुख्यमंत्री जी का सख्त निर्देश है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत जमालुउद्दीन चक के ग्राम-नवरतनपुर ग्राम में पूर्व से अर्द्धनिर्मित नाली को अतिक्रमण के संबंध में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी का कार्यालय, दानापुर के परिवाद संख्या-428116027062204514, दिनांक 27 जून, 2022 में कहा गया है की अतिक्रमण हटा दिया जायेगा, उसके बाद नाला का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, परंतु अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिक्रमित भूमि को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पी0सी0सी0 नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक। जिला पदाधिकारी, पटना के पत्रांक 765, दिनांक 2 मार्च, 2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि वर्तमान में कच्ची नाली की उड़ाही एवं पक्कीकरण की आवश्यकता है। इस नाली की लंबाई लगभग 5,000 हजार फीट है। इसके निर्माण की अनुमानित राशि लगभग 70,00,000 (सत्तर लाख) रूपये है, जिसे पंचायत स्तर से पूर्ण कराना संभव नहीं है।

अत: माननीय सदस्य की अनुशंसा पर इसे मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से कराया जा सकता है।

--------

सड़क का निर्माण

*1476. श्री राजवंशी महतो (क्षेत्र संख्या-141 चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत प्रखंड नावकोठी में गंडक नदी के तटबंध पर सियूरी मेहसवारा होते हुए पहसारा तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा होने के चलते आम आवाम को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तालाब का जीर्णोद्धार

*1477. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए तालाब व आहर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परबत्ता प्रखंड के लगार पंचायत में विशौनी ग्राम वार्ड संख्या 6 में चतुर्भुजी दुर्गा मंदिर के सामने स्थित पोखर एवं गोगरी प्रखंड के पसराहा पंचायत के हरतोड़ा पोखर का जीर्णोद्धार नहीं होने से जल संरक्षण नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाबों का जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत जीर्णोद्धार का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## चेक डैम का निर्माण

*1478. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत ठेरा ग्राम में टाटी नदी के किनारे तटेश्वर नाथ महादेव का विशाल मंदिर तथा पार्वती मंदिर स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर महाशिवरात्रि में विशाल मेले का आयोजन के साथ-साथ सालोंभर श्रद्धालु यहाँ आते रहते हैं किन्तु वर्षा ऋतु के बाद टाटी नदी सूख जाती है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रद्धालुओं के सालोंभर स्नान तथा सिंचाई हेतु उक्त स्थान पर टाटी नदी में कबतक एक चेक डैम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पथ का निर्माण

*1479. श्री हरिशंकर यादव (क्षेत्र संख्या-108 रघुनाथपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखंड के फुलवरीया पंचायत के दौलतपुर गांव में सम्पर्क पथ नहीं रहने के कारण उक्त पंचायत के लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गांव में सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*1480. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के कुम्हार टोली, चुनीमारी में यातायात हेतु पुल का निर्माण नहीं हुआ है, पुल का निर्माण नहीं होने से दर्जनों गांव तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*1481. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी प्रखंड अंतर्गत अकहा अभुआर पथ में चनहा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1482. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नानपुर के पंचायत सिरसी में सिकटा टोल स्कूल से नरहरी टोल स्कूल होते हुये हरिनगर पी०एम०जी०एस०वाई० रोड तक सड़क खराब है, जिसके वजह से आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, तथा हमेशा लोग दुर्घटना के शिकार होते है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का चौड़ीकरण

*1483. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बन्थौली से 70 घाट एन०एच० भाया पकरिया, शीतलपुर पथ को चौड़ीकरण एवं मजबूती कराने हेतु मई, 2022 में निविदा प्रकाशित की गयी थी, परंतु अभीतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1484. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखण्ड अन्तर्गत सारथ डहरपुर पंचायत के अनुसूचित जाति बहुल लकड़ा गाँव का पक्की सड़क से सपंर्क नहीं होने के कारण ग्राम वासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लकड़ा गाँव को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1485. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत रक्सौल प्रखण्ड के इस्लामपुर सहदेव पथ में सरिसवा नदी पर पुराने पुल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण वाहनों और आमजनों को आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नया उच्च स्तरीय आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पद को प्रत्यर्पित करना

*1486. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जल एवं स्वच्छता मिशन के एपेक्स समिति की बैठक की कार्यवाही पी०एच०/बी०ज०स्व०मी०-102/10-1972, दिनांक 31 अगस्त, 2015 के कार्यवली 6 में लोहिया स्वच्छता योजनान्तर्गत कार्यरत प्रखंड समन्वयक को प्रखंड समन्वयक-सह-प्रखंड स्वच्छता प्रबंधन के पद पर समायोजित करने एवं प्रखंड समन्वयक लोहिया स्वच्छता योजना के पद को प्रत्यर्पित करने का विभाग स्तर से कार्रवाई का निर्णय लिया गया था, जो अभीतक लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लोहिया स्वच्छता योजना अन्तर्गत कार्यरत प्रखंड समन्वयक को प्रखंड समन्वयक-सह-प्रखंड स्वच्छता प्रबंधन के पद पर समायोजित करने एवं प्रखंड समन्वयक लोहिया स्वच्छता योजना के पद को प्रत्यर्पित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*1487. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला परिषद् में जिला अभियंता का पद काफी दिनों से रिक्त है, जिसके कारण विकास का कार्य अवरुद्ध हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जिला अभियंता के पद पर प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । विभागीय पत्रांक 2780, दिनांक 13 मई, 2020 के आलोक में जिला परिषद् में जिला अभियंता के पद पर लघु जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता अतिरिक्त प्रभार में कार्यरत है।

-------------

औचित्य बताना

*1488. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार ग्रामीण विकास सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों को प्रथम प्रोन्नति में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, द्वितीय प्रोन्नति परियोजना पदाधिकारी या जिला विकास पदाधिकारी तथा तृतीय प्रोन्नति में उप-विकास आयुक्त के पद पर पदस्थापित करने तथा तृतीय प्रोन्नति में 10(दस) पद इस संवर्ग के लिये आरक्षित करने का प्रावधान है, किन्तु अनुमंडल स्तर पर अनुमण्डल पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति का कोई प्रावधान नहीं करके जिला विकास पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति का प्रावधान रखा गया है, यदि हाँ, तो पदाधिकारियों को अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति नहीं देने का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--आँशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के कुशल पर्यवेक्षण, अनुश्रवण के दृष्टिकोण, राज्य सरकार द्वारा राज्य प्रशासन के मूलभूत स्तर को और सुदृढ़ करने, क्षेत्रीय प्रशासन को अधिक कारगर बनाने एवं ग्रामीण विकास सेवा संवर्ग के मूल कोटि से उच्च स्तर के पद की संरचना को संतुलित करने एवं समरूप किये जाने की आवश्यकता को देखते हुये बिहार ग्रामीण विकास सेवा संवर्ग नियमावली, 2010 की अनुसूची-1 का प्रतिस्थापन निम्नवत किया गया है--

| संवर्ग | पदनाम |
|---|---|
| मूल संवर्ग | ग्रामीण विकास पदाधिकारी<br>सहायक परियोजना पदाधिकारी |
| प्रथम प्रोन्नति | प्रखंड विकास पदाधिकारी<br>कार्यपालक दंडाधिकारी<br>परियोजना पदाधिकारी-सह-निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन |
| द्वितीय प्रोन्नति | परियोजना पदाधिकारी-सह-निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम<br>जिला विकास पदाधिकारी |
| तृतीय प्रोन्नति | उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी<br>प्रमंडलीय विकास पदाधिकारी |
| चतुर्थ प्रोन्नति | अपर निदेशक |

उपरोक्त तालिका के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि बिहार ग्रामीण विकास सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों के लिये अनुमंडल स्तर पर प्रथम प्रोन्नति पदक्रम में कार्यपालक दंडाधिकारी के 147 पदों का प्रावधान रखा गया है।

स्लूईस गेट का निर्माण

*1489. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड पीपरा परसाईन पंचायत के ग्राम-हनुमाननगर (लालबन्दी) होकर नेपाल से आनेवाली अधवाड़ा समुह की नदी प्रवाहित होती है जिसमें बारहों महीने पानी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी पर स्लूईस गेट या वीयर का निर्माण नहीं होने से चार पंचायत के किसान को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के हनुमाननगर (लालबन्दी) गांव में स्लूईस गेट या बीयर का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*1490. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के प्रखंड जंदाहा अंतर्गत महिपुरा और सोहर्थी पंचायत के लोगों का कृषि योग्य भूमि बरैला झील से निकल कर दौरिया घाट होते हुये नून नदी में मिलने वाली जलमार्ग के दोनों तरफ अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दौरिया घाट पर पूल नहीं रहने की वजह से वहां के किसानों को दूसरी तरफ की खेती करने में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दौरिया घाट पर एक तरफ से पक्का पहुँच पथ है जबकि दूसरी तरफ कच्चा रास्ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जगह पर दूसरी तरफ पहुँच पथ के साथ एक पक्का पुल निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

'ग' *1491. श्रीमती मंजू अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड के जी०टी० रोड ठाकुरबाड़ी से पुराना पुल से ग्राम चन्दा मोड होकर जी०टी० सूर्यमंडल तक एवं ग्राम पंचायत पट्टी के भेलवा गाँव से चन्दा मेन रोड तथा प्राथमिक विद्यालय भेलवा से नदी किनारा तक सड़क जर्जर है जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-- 'ग'- ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक 1024, दिनांक 27 फरवरी, 2023 के द्वारा पथ निर्माण विभाग में स्थानांतरित ।

शिक्षण कार्य शुरू करना

*1492. श्री प्रकाश वीर (क्षेत्र संख्या-235 रजौली (अ०जा०)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली प्रखंड में आई०टी०आई० कॉलेज का भवन एक साल से अधिक समय से बनकर तैयार होने के बावजूद वहां शिक्षण कार्य आजकल शुरू नहीं हुआ है यदि हाँ, तो सरकार कबतक वहां शिक्षण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि प्रभारी प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रजौली, नवादा के पत्रांक 53, दिनांक 23 फरवरी, 2023 एवं कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नवादा के पत्रांक 241 (अनु०), दिनांक 22 फरवरी, 2023 के अनुसार संस्थान का भवन निर्माणाधीन है तथा भवन निर्माण कार्य समाप्ति की संभावित तिथि दिनांक 31 मार्च, 2023 है । भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त हस्तान्तरण प्राप्त कर संस्थान को अपने भवन में स्थानांतरित करते हुये प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा ।

------------

भवन का निर्माण

*1493. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड स्थित सोनहुली पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु सरकार के प्रावधानानुसार 50 डिसमिल भूमि के विरुद्ध मौजा-अदमा, प्लॉट संख्या-1 एवं 2, खाता संख्या-44, थाना संख्या-301, रकबा 100 डिसमिल सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भूमि पर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1494. श्री अख्तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्णियाँ अन्तर्गत प्रखंड अमौर के पलसा काली मंदिर से बरेली पथ तक जाने वाली सड़क के भौंकरी के निकट पुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके कारण भारी वाहनों का आवागमन ठप हो गया है और लोगों को यातायात में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथ के क्षतिग्रस्त पूल के स्थान पर पुर्ननिर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

तलाब का सौंदर्यीकरण करना

*1495. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के प्रखंड शाहकुंड मुख्यालय में स्थित सुखसरोवर तालाब एक महत्वपूर्ण तालाब है जिसका सौंदर्यीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तालाब का सौंदर्यीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क का निर्माण

*1496. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दरियापुर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-घोरहूँ कोठियाँ से मुजौना, धरमांगत होते हुये खानपुर तक जाने वाली ग्रामीण सड़क का निर्माण 15 वर्ष पूर्व में कराया गया था, यह सड़क पिछले 7 वर्षों से जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### भवन का निर्माण

*1497. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड के बौरावाजितपुर पंचायत एवं सुरसंड प्रखंड के रधाउर पंचायत में पंचायत सरकार भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### पथ का निर्माण

*1498. श्री आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सहरसा, सोनवर्षा, कचहरी पथ, सुलिन्दाबाद से मोरकाही, कोरलाही तक पथ वर्षों से जर्जर है, यह पथ एक प्रखंड से दूसरे प्रखंड व जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है, पथ के निविदा होने के साल बीत जाने के बावजूद भी सड़क का निर्माण नहीं करवाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग व संवेदक के उदासीन रवैया के कारण आमलोगों को अधिक दूरी तय कर जिला मुख्यालय आना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ऐसे संवेदक व विभागीय अधिकारी पर कार्रवाई करने के साथ उक्त पथ का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### छिटका का निर्माण

*1499. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड के करहरिया पूर्वी पंचायत के घोरघट में दोमुहानी नदी पर छिटका का निर्माण नहीं होने से वहाँ के किसानों को खेती में समस्या होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर छिटका का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*1500. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार हर अनुमंडल में औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र खोला जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत बिक्रमगंज में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिक्रमगंज अनुमंडल में औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) अस्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत राज्य के प्रत्येक अनाच्छादित अनुमंडल में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा प्रत्येक अनाच्छादित जिला में एक महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जा चुकी है ।

उल्लेखनीय है कि रोहतास जिला अन्तर्गत तीन अनुमंडलों में कुल 5 (पाँच) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित है । बिक्रमगंज अनुमंडल में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भेलारी की स्थापना की जा चुकी है ।

रोहतास जिलान्तर्गत कुल 5 (पाँच) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित है, जो निम्नवत् है :--

| क्र0 सं0 | अनुमंडल का नाम | संस्थान का नाम |
|---|---|---|
| 1 | डेहरी | (i) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डेहरी ऑन सोन<br>(ii) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तुम्बा, रोहतास (LWE) |
| 2 | सासाराम | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सासाराम |
| 3 | बिक्रमगंज | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भेलारी |
| 4 | जिला स्तरीय | महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रोहतास |

रोहतास जिलान्तर्गत स्थापित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बिक्रमगंज अनुमंडल सहित अन्य सभी अनुमंडलों के इच्छुक युवक/युवती तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त रोहतास जिले में कोई अन्य सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

--------

सड़क का निर्माण

*1501. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के परसौनी से रुपेपुरा जाने वाली सड़क की स्थिति विगत 10 वर्षों से जर्जर रहने के कारण आमजनता को कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण हेतु मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण योजना शीर्ष 3054 (एम0आर0) के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 में पूर्ण किया जाना था, परन्तु अभीतक काम नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1502. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बाराचट्टी के सोभ धनगाई रोड में ग्राम-धनगाई से ग्राम-ढकढकवा तक आजतक कच्ची सड़क है जिससे लोगों को आवागमन में घोर कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम-धनगाई से ग्राम-ढकढकवा तक पक्की सड़क बनाने का विचार करते है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चैनलों का विस्तारीकरण

*1503. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत करेह नदी के सिरनिया सिरसिया तटबंध के 21.00 किलो मीटर तथा 27.00 किलो मीटर में समस्तीपुर के शिवाजीनगर प्रखंड के छतौनी स्थल तथा लालपुर स्थल पर काफी पूर्व में स्लूईस गेट के साथ जल निकासी तथा अन्तर्ग्रहण चैनल बनवाया गया था जिसमें गाद भर जाने से अब ये अनुपयोगी होते जा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चैनलों का विस्तारीकरण के साथ पुन: स्थापन कराते हुये जल प्रबंधन की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त करना

*1504. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के आमतौर एवं तरैया से गुजरने वाली SH 104 सड़क का अतिक्रमण होने के कारण वाहनों के परिचालन में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही है जिसके कारण प्राय: दिन दुर्घटना घटित हो रही है ;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1505. श्री आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सहरसा शहर को प्रखण्ड मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क ''शर्मा चौक से कहरा ब्लॉक होते हुए सिरादय चौक तक'' पथ की स्थिति जर्जर है, यह सड़क विभाग के मरम्मती की सूची में रहने के बावजूद भी मरम्मती नहीं की गई जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण करवाकर यातायात सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

'च'-*1506. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत परशुराम पुर से संग्रामपुर प्रखंड को जोड़ने वाली पथ में फतुहां में बने लोहे का पुल जर्जर व क्षतिग्रस्त है, जिससे यातायात में कठिनाई हो रही है एवं कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1507. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत प्रखंड जंदाहा में पंचायत लोमा अवस्थित है, इस पंचायत के वार्ड नं0 15 और 16 में नाला का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बरसात के दिनों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त दोनों वार्डों में नाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1508. श्री राम रतन सिंह (क्षेत्र संख्या-143 तेघड़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा प्रखण्ड के धनकौल पंचायत एवं किरतौल पंचायत के बीच बलान नदी पर पुल नहीं होने से घनी आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धनकौल पंचायत की आबादी लगभग 12,000 है एवं किरतौल पंचायत की आबादी लगभग 11,500 है एवं पुल के अभाव में दोनों पंचायत के आम-आवाम को प्रखण्ड मुख्यालय एवं बरौनी रेलवे स्टेशन आने-जाने में असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त स्थल पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1509. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यंह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन विधान सभा में प्रखण्ड-कोचाधामन के बरबट्टा से मस्तान चौक जाने वाली पी0डब्लू0डी0 पथ में मौधो, अलता और मस्तान चौक अवस्थित है, इस स्थल पर पथ के किनारे नाला का निर्माण कार्य नहीं कराये जाने के कारण आमजनों को यातायात में समस्याओं से जुझना पड़ता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर नाला का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'च'-ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में स्थानांतरित ।

सड़क का पक्कीकरण

*1510. श्री हरिशंकर यादव (क्षेत्र संख्या-108 रघुनाथपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखंड के रघुनाथपुर गांव से राधे बाबा होते हुए लहलादपुर नरहन मुख्य सड़क तक सड़क कच्ची है जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1511. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत अमौर प्रखण्ड के सोनामनी से बजरीडीह जाने वाली सड़क में पुल नहीं होने के कारण चार स्थानों पर सड़क बाढ़ में ध्वस्त हो चुकी है जिसके कारण बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के कटे हुए स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का जिर्णोद्धार

*1512. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलान की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के फुलवडिया जलाशय, रजौली (नवादा) से 30 वर्ष पूर्व निकली नहर विधान सभा क्षेत्र हिसुआ के नरहट तक जाती है एवं इस जलाशय से पानी का बहाव नहीं हो रहा है, जिसके कारण कृषि योग्य हजारों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित रह जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का जिर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से मुक्त

*1513. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया चैरस्ता से जगदीशपुर स्टेट हाईवे पर बिहियां प्रखंड के ग्राम-धरहरा के पास हमेशा सड़क पर पानी का जल-जमाव बना रहता है जिसके कारण दुर्घटना के साथ यातायात में परेशानी होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जल-जमाव से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पिलर का निर्माण

*1514. श्री नीरज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-45 छातापुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत नगर परिषद्, सुपौल में आर0ओ0बी0 के नीचे आड़ीवाल के जगह पिलर का निर्माण होना है । यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आर0ओ0बी0 के नीचे पिलर के निर्माण नहीं होने के कारण आमजनों को आने-जाने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आर0ओ0बी0 के नीचे पिलर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1515. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत सुल्तानगंज अगुवानी पुल का निर्माण गुणवत्ता में कमी और लापरवाही के साथ किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत सुल्तानगंज अगुवानी पुल का निर्माण कार्य विगत 7 वर्षों से हो रहा है, इस पुल का निर्माण कार्य जुलाई, 2022 में पूर्ण होने का अश्वासन सरकार द्वारा दिया गया था किन्तु गुणवत्ता में कमी और लापरवाही के कारण निर्माण के दौरान सुपर स्ट्रैक्चर भी गिरा था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अगुवानी सुलतानगंज पुल निर्माण गुणवत्ता के साथ कराने का और सुपर स्ट्रैक्चर के गिरने की जाँच कर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1516. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोरवा प्रखंड के गुनाई बसही से नून नदी के सरकारी बाहा नाला में स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण जल-जमाव होने से क्षेत्र की जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क से जोड़ना

*1517. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत के मैरवा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत बड़का मांझा के दलित बस्ती आज भी पक्की सड़क से वंचित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दलित बस्ती में 50-60 घरों की आबादी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दलित बस्ती को सड़क मार्ग से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*1518. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के दिघरी पंचायत के हथिया दियारा गांव से हरिहरपुर पंचायत जाने पर कोढ़ा प्रखंड मुख्यालय की दूरी 33 किलो मीटर पड़ती है;

(2) क्या यह बात सही है कि हरिहरपुर घाट में कोसी नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है तथा आने-जाने से यह दूरी घटकर मात्र 20 किलो मीटर हो जायेगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जनहित में हरिहरपुर घाट में कोसी नदी पर पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संपर्कता देना

*1519. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, कहलगाँव के अंतर्गत नंदलालपुर पंचायत के माधोपुर तथा कैरिया पंचायत के भंगा पासवान टोला सहित अन्य टोलों बारमासी पक्की सड़कों से अभीतक नहीं जुड़े हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त टोलों को संपर्कता देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य करवाना

*1520. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखण्ड अन्तर्गत शंकरडीह पंचायत के खवनी गाँव में पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया गया है, परन्तु उक्त पंचायत भवन में कोई काम नहीं हो रहा है तथा इसका इस्तेमाल निजी कार्यों के लिये किया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायत भवन में प्रशासनिक कार्य शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बाँध का कालीकरण

*1521. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर एवं सीतामढ़ी जिलान्तर्गत धनकौल बाँध से खरका एवं बलुआ से देकुली धाम तक बागमती नदी के दोनों साइड बाँध के ऊपर जी०एस०पी० एवं कालीकरण नहीं किया गया है, जबकि बरसात के दिनों में आने-जाने हेतु एक मात्र यही रास्ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का कार्य पूर्ण करना

*1522. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड खिजरसराय में ग्राम-कोडीहरा से ग्राम-करहारा होते हुये ग्राम-कोशैला तक मुख्यमंत्री ग्राम-सड़क योजना से सड़क का निर्माण कराया गया है किन्तु उक्त सड़क में ग्राम-कोडीहरा से ग्राम-करहारा तक के पथांश का निर्माण नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथांश का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नहर का पक्कीकरण

*1523. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर(अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर प्रखण्ड के अन्तर्गत सुखासन पंचायत वार्ड नं०-3 में नहर के नजदीक से लेकर भवानीपुर पोखर तक नहर कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1524. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सलखुआ प्रखंड अन्तर्गत कोपरिया पंचायत स्थित हिरणसारी और सतबैर के बीच दोनों ओर से सड़क का निर्माण विभाग द्वारा करवाया जा चुका है परंतु बीच में एक पाँच स्पेन के पुल का निर्माण नहीं किये जाने के कारण इस सड़क का उपयोग नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रेंट माफ करना

*1525. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि इस वर्ष अरवल जिला के पटना मुख्य नहर में पानी कम होने से किसानों को खरीफ फसल के लिये संकट का सामना करना पड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना मुख्य नहर के वलिदाद लॉक पर पानी 1181 क्यूसेक होने पर सभी रजवाहों में पानी पहुँचता है जबकि इधर कई वर्षों से मानक के अनुसार पानी की आपूर्ति नहीं होता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि किसानों को नहर का पानी नहीं पहुँचता है फिर भी अरवल प्रखंड के हसनपुर, प्यारेचक, मोथा, हसनपुरा, फखरपुर, अईयारा, कलेर प्रखंड के कमता, लक्ष्मणपुर बाथे, परशुरामपुर के किसानों को नहर का पटवन रेंट देना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नहर में पर्याप्त पानी की व्यवस्था और सर्वे कराकर पटवन से वंचित किसानों को पटवन रेंट माफ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*1526. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड के रघुनंदनपुर ढ़ाला से बनवारीपुर जानेवाली सड़क कम चौड़ीकरण होने के कारण आये दिन हादसा होता रहता है, जिससे आमलोगों के जान-माल की क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ तेघड़ा-मुबारकपुर पथ, जो तेघड़ा गुमटी से शुरू होकर दलसिंहसराय-कैदराबाद-पिपरा-मालती पथ के 21वें कि०मी० में बनवारीपुर के पास मिल जाती है, जिसकी कुल लम्बाई 6.70 कि०मी० एवं चौड़ाई 3.05 मी० है । पथ की स्थिति अच्छी है, जो OPRMC Phase-II के अन्तर्गत संधारित है । तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप चौड़ीकरण पर विचार किया जायेगा ।

------------

कार्य करवाना

*1527. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के निर्णय के आलोक में पंचायत स्तरीय सभी कर्मियों को पंचायत सरकार भवन कार्यालय से ही आवास प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, जमीन का दाखिल-खारिज, पंचायत की योजनाओं का कार्यान्वयन समेत अन्य कार्यों का निष्पादन किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के सभी पंचायत सरकार भवन कार्यालयों में कार्यों के निष्पादन हेतु वर्ष 2015 से डाटा इंट्री ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है किन्तु नौतन एवं बैरिया प्रखंड के किसी भी पंचायत सरकार भवन कार्यालय में पंचायत स्तरीय कार्यों का निष्पादन नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पंचायत को सशक्त करते हुये पंचायत स्तरीय कार्यों का निष्पादन पंचायत सरकार भवन से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य करवाना

*1528. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के कवैया

पंचायत में किसान टोला एवं जोका जलमरय में बाढ़ के समय सौरा कोसी नदी के कटाव से प्रतिवर्ष ग्रामीण क्षेत्र की घनी आबादी प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कटाव को रोकने के लिये स्थायी समाधान हेतु बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1529. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड रतनी फरिदपुर अवस्थित तीन पंचायतों को जोड़ने वाली रतनी-मुरहरा पथ का कार्य दिनांक 20 मार्च, 2018 को पूर्ण कर लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के सड़क अनुरक्षण नीति के तहत 5 वर्ष तक पथ का मरम्मती का कार्य करना है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार के अनुरक्षण नीति को ताक पर रखकर अभियंता और संवेदक के मिलीभगत से एक वर्ष भी मरम्मती का कार्य नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे दोषी अभियंता एवं संवेदक पर जांच कराकर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रोन्नति देना

*1530. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या ग्रा०वि०-01 स्था० (प्रशिक्षण) 15/2013-20018, दिनांक 8 सितम्बर, 2014 के आलोक में सभी ग्रामीण विकास पदाधिकारी अपने नियत वेतनमान में प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के सभी 534 पद रिक्त हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना सं० ग्रा०वि०-02 स्था० 10-23/08. 447, दिनांक 19 जनवरी, 2010 के द्वारा बनायी गयी नियमावली बिहार ग्रामीण सेवा संवर्ग नियमावली-2010 की कंडिका 9 के आलोक के अभी मात्र 7 पदाधिकारियों प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर औपबंधिक प्रोन्नति दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 53वीं से 55वीं बैच के ग्रामीण विकास पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में प्रोन्नत करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक हैं । वर्तमान में 31 प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद रिक्त है । रिक्त प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पदस्थापन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 416751, दिनांक 13 मार्च, 2019 द्वारा बिहार ग्रामीण विकास सेवा के मूल कोटि के 7 ग्रामीण विकास पदाधिकारियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर औपबंधिक रूप से प्रोन्नति दी गयी है । माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा कतिपय वादों में दिनांक 1 अप्रील, 2019 को पारित आदेश के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के आदेश ज्ञापांक 5066, दिनांक 11 अप्रील, 2019 से राज्य सरकार की सभी सेवाओं एवं पदों पर दी जाने वाली सभी प्रोन्नतियों एवं प्रोन्नति हेतु विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक की कार्रवाई अगले आदेश तक स्थगित है । फलस्वरूप प्रोन्नति की कार्रवाई स्थगित है । जैसे ही राज्य सरकार की सभी सेवाओं एवं पदों पर दी जाने वाली सभी प्रोन्नतियों एवं प्रोन्नति हेतु विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक की कार्रवाई शुरू होगी, वैसे ही बिहार ग्रामीण विकास सेवा के पदाधिकारियों जो प्रोन्नति हेतु निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर प्रोन्नति दिये जाने की कार्रवाई की जायेगी ।

पोखर का सौंदर्यीकरण

'ङ.'-*1531. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के सुलतानगंज प्रखंड के गंगटी गाँव पंचायत, मिरहटी में एक विशाल सरकारी पोखर है जो जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पोखर का सौंदर्यीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1532. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत, सुखासन, वार्ड नम्बर 3, नवटोली में सहरसा उप-शाखा नहर में 84 आर0डी0 के दोनों तरफ पक्की सड़क बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नहर में पुल नहीं होने के कारण दोनों पथों का सम्पर्कता प्रदान नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण आवागमन में आमजनों को कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक नहर से पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

तालाब का जीर्णोद्धार

*1533. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के सिमरी धमनी पंचायत के कमदारपुर ग्राम में तथा बारूण प्रखंड के कौथू पंचायत के जरभाखल ग्राम में बड़ा सार्वजनिक तालाब स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 को विभाग को पत्र दिया गया था जिसपर अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाबों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बंद कराना

*1534. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत माही नदी पर शीतलपुर ग्राम के पास पट्टी पुल भारी वाहनों के लिये अनुकूल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा भी उक्त पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश रोकने के लिये बैरिकेटिंग लगाने का आदेश दिया गया है, लेकिन अभीतक बैरिकेटिंग नहीं लगने के कारण भारी वाहनों का आवागमन जारी है तथा कभी भी दुर्घटना घट सकती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पट्टी पुल पर बैरिकेटिंग लगाकर भारी वाहनों का प्रवेश बंद करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ङ.'-लघु जल संसाधन विभाग से ग्रामीण विकास विभाग में स्थानांतरित ।

योजना का कार्यान्वयन

*1535. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर प्रखंड के गंगटा पंचायत में गायघाट जलाशय योजना का डी0पी0आर0 बनने के उपरान्त भी अबतक यह योजना कार्यान्वित नहीं होने से लगभग 1500 एकड़ कृषि योग्य भूमि पटवन से वंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना को कार्यान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधिग्रहण करना

*1536. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नवलपुर सेमरी चौक से ग्राम-बरवां सानी लखनीचंवर होते हुये सिरकरिया जाने वाली सड़क लौरिया प्रखंड को योगापट्टी प्रखंड से जोड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क एम0डी0आर0 पथ को एन0एच0 से भी जोड़ने वाली 12 किलो मीटर लम्बी सड़क है ;

(3) क्या यह बात सही है कि यह ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क पथ निर्माण विभाग में जाने की तमाम अर्हता को रखती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पथ निर्माण विभाग सभी अर्हता पूरा करने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क को पथ निर्माण विभाग के अधीन अधिग्रहित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1537. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री,जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फुलवारीशरीफ के सारंमपुर फतेहपुर उप-वितरणी नहर पर ग्राम-अहाया के पास वाली पुलिया पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, जिससे आमजनता को वितरणी नहर पार करने में परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-चकमुसा, फुलवारी में रामपुर, फरीदपुर, चकमुसा उप-वितरणी नहर पर पुलिया नहीं रहने से मवेशी और आमजनता को आने-जाने में काफी दूरी तय करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्राम-अहापा में ध्वस्त पुलिया का जीर्णोद्धार तथा ग्राम-चकमुसा में नये सिरे से पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*1538. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत, रतौली के बैरिया पेट्रोल पम्प से ललमनिया मुख्य पथ तक 18 आर0डी0 नहर के पश्चिम भाग पक्कीकरण नहीं होने से नहर किनारे बसे आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पहुँच पथ को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*1539. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मनरेगा योजना चल रही है जिसके अंतर्गत राज्य के 38 जिलों में मनरेगा योजना के मटेरियल पेमेंट कई वर्षों से लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मनरेगा योजना के अंतर्गत लंबित मटेरियल पेमेंट का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1540. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या 1548, दिनांक 25 फरवरी, 2020 के आलोक में नगर विकास एवं आवास विभाग अपने पत्रांक 360, दिनांक 15 जुलाई, 2020 द्वारा दरभंगा नगर निगम के अधीन (क) पी0डब्ल्यू0डी0 स्टेट हाईवे महाबीर मंदिर कटरहिया से उत्तर कटरहिया पथ मस्जिद तक (ख) महाराजी पुल से बद्री नारायण मंदिर भाया विद्यापति पुस्तकालय नगर सीमा तक एल0एन0 मिश्रा पी0डब्ल्यू0डी0 पथ भाया मारवाड़ी स्कूल के पीछे टाऊन हॉल के सामने पी0डब्ल्यू0डी0 पथ किलाघाट पुल से जे0पी0 चौक भाया मिलान चौक तक जानेवाली सड़क का अधिग्रहण कर जीर्णोद्धार हेतु पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमण्डल 1,दरभंगा द्वारा 1.5 वर्ष पूर्व अपने मंतव्य एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु अनुमानित राशि का प्रतिवेदन विभाग को भेजा जा चुका है, यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथ का अधिग्रहण कर जीर्णोद्धार कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

अधिकार दिलाना

*1541. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य भर में छोटी-बड़ी नहरों में पुल बनाने के क्रम में ''बिहार सरकार नदी घाटी योजना विभाग'' का ज्ञापांक 4825, दिनांक 28 अगस्त, 1971 को सामने रखकर निर्णय लिए जाते हैं। जिस समय खेती में हल-बैल का उपयोग होता था तथा नहरों का उपयोग यातायात के लिए किया जाता था ;

(2) क्या यह बात सही है कि आधुनिक यंत्रों से खेती होने के कारण श्रम शक्ति की बचत के लिए आज प्रत्येक गाँव-टोला के सामने गांव से नहर के दूसरी ओर खेत तक आने-जाने के लिए पुल की आवश्यकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नियम में बदलाव कर नहरों में पुल बनाने तथा अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत संबंधी अधिकार कार्यपालक अभियंता को देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लाभ देना

*1542. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में कुल ग्रामीणों का निबंधन 49 हजार के आस-पास है, परन्तु देय लाभ की स्वीकृति मात्र 453 को है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सभी निबंधित ग्रामीणों को नियमानुसार देय लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक । औरंगाबाद जिले में वर्तमान में कुल 50,066 निर्माण कामगार निबंधित है। औरंगाबाद जिले में बोर्ड के विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कुल 477 लाभुकों को लाभ प्रदान किया गया है ।

इसके अतिरिक्त वार्षिक चिकित्सा सहायता योजना तथा कोविड-19 विशेष सहायता योजना की राशि निम्नवत् प्रदान की गयी है:--

| वित्तीय वर्ष | वार्षिक चिकित्सा सहायता योजना के लाभार्थी की संख्या । | कोविड-19 विशेष सहायता योजना । |
|---|---|---|
| 2018-19 | 4,779 | - |
| 2019-20 | 14,772 | - |
| 2020-21 | 35,538 | 32,999 |

बोर्ड द्वारा संचालित लाभों के लिए आवेदन पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। अतएव बोर्ड से निबंधित अर्हता प्राप्त निर्माण श्रमिक बोर्ड के पोर्टल (www.bocw.bihar.gov.in) पर स्वयं अथवा CSC के माध्यम से वांछित दस्तावेज के साथ ऑनलाइन आवेदन कर बोर्ड में संचालित योजनाओं का लाभ नियमानुसार प्राप्त कर सकते हैं। निबंधित निर्माण कामगारों को ज्यादा-से-ज्यादा लाभ प्रदान करने हेतु प्रत्येक प्रखंड में "श्रम विभाग-श्रमिकों के द्वार" कार्यक्रम के अन्तर्गत जन-जागरूकता तथा प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु बोर्ड (मु0) द्वारा पत्र निर्गत है ।

--------

सम्मिलित करना

*1543 श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत मोहपुर प्रखंड के पंचायत विशनपुर बेड़ी का पुलिस थाना एवं राजस्व अंचल मोहिउद्दीननगर है, जबकि प्रखंड मोहनपुर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत विशनपुर बेड़ी से मोहिउद्दीननगर की दूरी लगभग 4-5 कि0मी0 मात्र है जबकि मोहनपुर प्रखंड मुख्यालय की दूरी 10-12 कि0मी0 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विशनपुर बेड़ी पंचायत को मोहिउद्दीननगर प्रखंड में सम्मलित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1544. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियां प्रखण्ड के तेनुआही से खुटौना तक जाने वाली सड़क का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 15 कि0मी0 सड़क के निर्माण हेतु ब्लैक टोपिंग के कार्य में उपर्युक्त की जानी सामग्री यथा 20 एमएम ईमलेशन, आरएस 1, एसएस 1 कम मात्रा में उपयोग किया गया जिससे सड़क की स्थिति कुछ दिनों में ही जगह-जगह पर पत्थर छोड़ने लगा है, जिससे आमजनों में असंतोष व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्माण के कार्य में उपयोग किये गये सामग्रियों की जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1)(2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिलान्तर्गत तेनुआही से खुटौना जाने वाली पथ, OPRMC अन्तर्गत Package No.07C में संधारित है । वर्तमान में पथ की स्थिति अच्छी है ।

प्रमंडल अन्तर्गत गुण नियंत्रण कार्यालय से जाँच करायी गयी है, जो मानक के अनुकूल है ।

सड़क का निर्माण

*1545. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत त्रिमूहान से कन्हौली घाट टोला दक्षिण तक सड़क निर्माण के लिये चयनित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण हेतु लगे बोर्ड पर कार्य आरंभ की तिथि 16 जनवरी, 2020 तथा पूर्ण की तिथि 15 अक्टूबर, 2020 है एवं अनुरक्षण की तिथि 16 अक्टूबर, 2020 से 15 अक्टूबर, 2025 है, लेकिन इस सड़क का निर्माण कार्य अभीतक पूर्ण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क की जाँच कराकर निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1546. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखण्डाधीन ग्राम पंचायत कालपीर के धोकरझाड़ी बीबीगंज के कंचनबाड़ी गाँव नेपाल से सटा हुआ है, आजादी के 75 वर्ष बाद भी सड़क का निर्माण नहीं होने से उक्त गांववासी नारकीय जीवन जीने को विवश है, यदि हाँ, तो सरकार बीबीगंज से धोकरझाड़ी गांव होते लोहागाड़ा पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क तक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*1547. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा प्रखण्ड अन्तर्गत सोनवरसा प्रखण्ड मुख्यालय से बसतपुर झीम नदी पर पुल तक जाने वाली सड़क चार पंचायत को जोड़ने वाली सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़क कच्ची सड़क है, पक्की सड़क नहीं होने के कारण 60 हजार की आबादी को प्रखण्ड मुख्यालय जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जनहित में ध्यान रखते हुये उपरोक्त सड़क को पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

योजना का कार्यान्वयन

*1548. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत इस्लामपुर प्रखण्ड में बरडीह ग्राम पंचायत को नवगठित इस्लामपुर नगर परिषद् में रखा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरडीह ग्राम पंचायत नगर परिषद् क्षेत्र में आने के बावजूद भी इस पंचायत में योजनाओं का क्रियान्वयन वहां के मुखिया के द्वारा किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बरडीह पंचायत के योजनाओं के क्रियान्वयन पर रोक लगाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1549. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत लिलांजन सिंचाई योजना में हर खेत तक सिंचाई

का पानी निश्चय योजना पुनर्स्थापन कार्य वर्ष 2022 से प्रारंभ किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धिरजा पुल से बगाही ब्रांच के कार्य में सिर्फ समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है, जो निर्धारित कार्य निविदा के अनुरूप नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना में संलिप्त संवेदक एवं अभियंता/पदाधिकारी पर उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*1550. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोटवा में अदिया पुल जागीर चौक से गाँधी चौक भाया बैरागी टोला तक 2.900 कि०मी० सड़क की स्थिति अत्यन्त खराब है जिस कारण आवासित एवं निकटवर्ती आबादी को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का नवनिर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*1551. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला मुख्यालय से बरहरिया जाने वाले पथ के चौड़ीकरण एवं निर्माण हेतु जून, 2022 में निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि संबंधित संवेदक द्वारा जुलाई, 2022 में ही एकरारनामा कर लेने के बावजूद अबतक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संबंधित संवेदक पर कार्रवाई करते हुये कबतक निर्माण कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथ गोपालगंज, बड़हरिया पथ जिसकी कुल लम्बाई 9.68 कि०मी० है, का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु निविदा निष्पादन सितम्बर, 2022 में किया गया है।

(2) प्रश्नगत पथ में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अक्टूबर, 2022 में एकरारनामा किया गया है।

पथ में Electric Pole Shifting कार्य प्रगति पर है एवं पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ की जा रही है।

(3) कार्य में तेजी लाने हेतु संवेदक को निदेशित किया गया है। वांछित प्रगति अप्राप्त रहने की स्थिति में संवेदक के विरुद्ध एकरारनामा के अनुरूप दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी ।

-------------

कार्य करवाना

*1552. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जेहानाबाद जिला अन्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के सुगांव के निकट जमुने नदी से निकली कोहराइन पईन का कार्य कराया गया है, जिसमें धीरा बिगहा का पईन छोड़ दिया गया है तथा स्लूईस गेट का कार्य पूरा नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । योजना का DPR तैयार कराया गया है। विभागीय तकनीकी सलाहकार समिति से सहमति प्राप्त होने के पश्चात् निधि उपलब्धता एवं विभागीय प्राथमिकता के आधार पर विहित प्रक्रिया के तहत योजना का कार्यान्वयन कराया जा सकेगा।

पथ का निर्माण

*1553. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहिउद्दीनगर विधान सभा क्षेत्र के एम०एम०जी०एस०वाई० योजना के तहत आर०डब्लयू०डी० कार्यालय, पटोरी डिविजन द्वारा 19 संपर्क पथों का निविदा वित्तीय वर्ष 2020-21 में की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों के भू-स्वामियों का भुगतान तथा निर्माण/कार्यारंभ अबतक नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों से संबंधित भू-स्वामियों को भुगतान करते हुये पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*1554. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ०जा०)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड एन०एच० 81 कोलासी पेट्रोल पम्प से हरदा एन०एच० 31 तक सिंगल लेन पथ रहने के कारण आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है जो कटिहार एवं पूर्णियाँ जिला को जोड़ती है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को चौड़ीकरण कराते हुये आवागमन को सुगम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1555. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बायसी प्रखंड के बायसी टोला भाया कडवा, मजलिसपुर, होते हुये मडवा तक जाने वाली सड़क 2021 में निर्माण कार्य कराया गया था जो पूरा नहीं हुआ है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बायसी प्रखंड के बायसी टोला भाया कडवा, मजलिसपुर होते हुये मडवा तक जाने वाली सड़क को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*1556. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के विशनपुर पंचायत के वार्ड नं० 4 शान्तिनगर, वार्ड नं० 10 पासवान टोल को अबतक एकल सम्पर्कता नहीं मिल सका है, जिससे वहां के लोगों को लाली टोल महादलित बस्ती से शान्तिनगर, पासवान टोल, करबला हाट, जट टोल होते हुये पचीरा पंचायत के शेखरा टोल मुख्य सड़क तक लगभग 5 किलो मीटर की दूरी कमलपुर मैनर के दायें तट के कच्ची रास्ते से होकर तय करना पड़ता है, जिससे लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कबतक पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का चौड़ीकरण

*1557. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज विधान सभा में अवस्थित एस०एस०बी० कैम्प से लेकर पकड़ ढाला तक सड़क काफी संकीर्ण है, जिसके कारण भारी वाहनों को आने-जाने से हमेशा जाम की समस्या बनी रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*1558. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड अंतर्गत निमिया प्राथमिक विद्यालय से कृष्णा मंदिर होते हुये बड़ी नहर (गारा चैबे नहर) तक सड़क की लंबाई 1.5 कि०मी० जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिस पर आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1559. श्री नन्द किशोर यादव (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग के अन्तर्गत आने वाले पथ विकास निगम द्वारा पटना सिटी पथ प्रमंडल अन्तर्गत पड़ने वाले पटना घाट से रेलवे लाइन हटाकर दो लेन पथ निर्माण की निविदा फरवरी, 2020 में आमंत्रित की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निविदा का निष्पादन जुलाई, 2022 में कर दी गयी और संवेदक का चयन भी कर लिया गया ;

(3) क्या यह बात सही है कि 8 माह बीत जाने के उपरान्त भी कार्य आरम्भ नहीं हुआ है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आवंटित करना

'च' *1560. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ०जा०))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बनमनखी प्रखंड परिसर में लगभग 10 (दस) वर्ष पूर्व बी०जी०आर०एफ योजना से 10 (दस) कमरे का दुकान किराया लगाने हेतु बनवाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 10 (दस) कमरे को दुकानदारों के बीच अभीतक आवंटित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 10(दस) कमरों का दुकान दुकानदारों को आवंटित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1561. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव )--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला नावानगर प्रखंड के मणियाँ पंचायत के ग्राम-इटौंहा से उच्च विद्यालय, मणियाँ तक पक्की सड़क नहीं है, जिसके कारण इटौंहा गाँव की छात्र/छात्राओं को विद्यालय जाने में बहुत कठिनाई होती है तथा कई छात्र-छात्राएं शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नोट-- 'च'- ग्रामीण विकास विभाग से पंचायती राज विभाग में स्थानांतरित ।

सड़क का निर्माण

*1562. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखंड अन्तर्गत देवकली पंचायत के ग्राम-रसनपुर के ग्रामीण जनता को मुख्य सड़क से सम्पर्कता सड़क 1.0 किलो मीटर उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण ग्रामीण जनता खेतों-पगडंडी के सहारे एवं बरसात के समय में जान जोखिम में डालकर मरीज एवं पीड़ित प्रसव महिलाओं को चारपाई का सहारा लेकर मुख्य सड़क तक आते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक वर्णित गाँव के ग्रामीणों को सड़क सम्पर्कता की सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1563. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के औराही पश्चिम पंचायत के कुशहा गाँव में मिर्जापुर रोड में सत्यनारायण मंडल के मोड़ से महादलित टोला होते हुये डोमी मंडल टोला से मुख्य सड़क तक सड़क कच्ची है, जिससे किसानों, छात्र-छात्राओं एवं आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं उक्त सड़क में बरसात के तीन महीने तक कीचड़मय स्थिति उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक फारबिसगंज प्रखंड के औराही पश्चिम पंचायत के कुशहा गाँव में मिर्जापुर रोड में सत्यनारायण मंडल के मोड़ से महादलित टोला होते हुये डोमी मंडल टोला से मुख्य सड़क तक पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*1564. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत बखरी प्रखंड के रामपुर ए0एन0एम0 कॉलेज से सलौना होते हुये नदैल चैक तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

परिसर का घेराबंदी

*1565. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी एवं कुर्सेला प्रखंड में स्थित जिला परिषद् के डाकबंगला भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त परिसर का घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक । कुर्सेला प्रखंड में जिला परिषद् का अधिसूचित डाकबंगला भवन नहीं है । बरारी प्रखंड में जिला परिषद् का अधिसूचित डाकबंगला भवन है । डाकबंगला के भूमि का पैमाईश एवं सीमांकन 15 दिनों के अन्दर करवाकर अंचलाधिकारी बरारी को अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर दो माह के अन्दर अतिक्रमण से मुक्त कराने का निदेश दिया गया है । जिला परिषद् की सामान्य बैठक से डाकबंगला बरारी का चहारदीवारी एवं दुकान निर्माण का प्राक्कलन रुपया 1,62,85,300.00 का तैयार करा लिया गया है । सक्षम प्राधिकार से तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्ति के पश्चात् e-tender के माध्यम से उक्त योजना का कार्यान्वयन की प्रक्रिया यथाशीघ्र प्रारंभ करा लिया जायेगा ।

--------

पुल का निर्माण

*1566. श्रीमती वीणा भारती (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत, जदिया में स्टेट हाईवे 91 से पावर सब-स्टेशन, जदिया जाने वाली पथ में गंगापुर वितरणी में पुल नहीं रहने के कारण 500 मीटर की दूरी तय करने के लिये 2 किलो मीटर घूमकर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ में गंगापुर वितरणी में पुल निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सफाई कराना

*1567. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में चौसा नहर लाइन जो डिहरी से चलकर चौसा बक्सर तक जाती है, उसमें गाद जमा होने के कारण पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर से गाद की सफाई कराकर पानी अंतिम छोर तक पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गंगाजल आपूर्ति कराना

*1568. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पानी की समस्या को देखते हुये राज्य के विभिन्न जिला गया, नवादा एवं नालन्दा (राजगीर) में जलाशय परियोजना बनाकर गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के शेखपुरा जिला पहाड़ी क्षेत्र रहने के कारण आमजनों को पेयजल एवं किसानों को पटवन संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया, नवादा, नालन्दा (राजगीर) के तर्ज पर शेखपुरा जिला में भी जलाशय परियोजना बनाकर गंगाजल आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1569. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका से पकड़ीदयाल की सड़क ग्रामीण कार्य प्रमंडल, ढाका एवं पकड़ीदयाल के अन्तर्गत है जिसमें से चोरमा-पकड़ीदयाल से रूपहारा तक का RWD सड़क भारत माला योजना अन्तर्गत सड़क का निर्माण होने का निविदा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रूपहारा से ढाका-आजाद चैक तक 3.5 किलो मीटर अवशेष सड़क ग्रामीण कार्य प्रमंडल, ढाका के अन्तर्गत है जो सड़क अनुरक्षण अवधि से बाहर है जिसकी स्थिति जर्जर एवं गड्ढा में तब्दील हो गई है जिसपर आम दिन दुर्घटना होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ढाका-पकड़ीदयाल पथ में शेष पड़े 3.5 किलो मीटर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1570. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय प्रखंड के कैथ पंचायत में सकरी घाट से लेकर सांगों कोठी तक जाने वाली सड़क के बीच कोला नदी पर पूर्व निर्मित पुल है जो जर्जर अवस्था में है जिस कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्षा के कारण नदी का पानी पुल पर चढ़ जाने से जर्जर पुल पर आवागमन बाधित हो जाता है, जिसके कारण ग्रामीणों को यातायात में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के जगह 30 फीट लम्बा नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1571. डॉ0 निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला अंतर्गत कटोरिया प्रखंड के हड़हार पंचायत में बैरीसार गांव के पश्चिम करमनियांतरी के पास करमनियां नदी पर एवं हड़हार पंचायत अंतर्गत बोधनियां के पास चंदुआ नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से बैरीसार रोड एवं तरपतिया रोड संपर्क पथ में नहीं जुड़ा है तथा चंदुआ नदी पर पुल निर्माण होने से महेशमारा, टोनापत्थर, बिशनपुर आदि गांवों के ग्रामीणों को सुल्तानगंज मुख्य पथ में जुड़ जाने से बहुत कम दूरी तय करना पड़ेगा ;

(2) यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त नदियों पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन का जीर्णोद्धार

*1572. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टिकारी प्रखंड के जगधर आहर पईन और कल्याणपुर पईन विगत 5 वर्षों से जर्जर होने के कारण किसानों को सिंचाई करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जगधर आहर पईन एवं कल्याणपुर पईन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1573. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला में एन0 एच0 80 के गढ़ी विशनपुर चौक से किउल जक्शन स्टेशन जाने वाली पथ के हकीमगंज गांव तथा कजरा बसौनी पथ के काशी चक टोला के निकट सड़क के किनारे नाला नहीं रहने के कारण बसावट का पानी सड़कों पर जमा रहता है जिससे आमलोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है तथा सड़क भी खराब हो जाता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त दोनों स्थानों के सड़क किनारे पानी निकासी हेतु नाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1574. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत राधेमाधे उच्च विद्यालय से मटियारी जाने वाली सड़क धीरेन्द्र साह के गैस गोदाम तक बनाकर छोड़ दिया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1575. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत अथरी पंचायत के वार्ड 14 पी0 डब्ल्यू0 डी0 सड़क से वार्ड 16 कुजा साह के घर तक की ग्रामीण सड़क जर्जर है, जिससे आमलोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामीण सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की सफाई

*1576. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सतरकटैया प्रखंड से गुजरने वाली नहर में समय पर पानी नहीं छोड़ा जाता है तथा नहर अतिक्रमित है एवं नहर में गाद जमा हुआ है जिससे किसानों को सिंचाई में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नहर में जमे हुए गाद की सफाई एवं समय पर पानी छोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1577. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत बारसोई प्रखंड के कदम गाछी घाट पर महानंदा नदी में उच्चस्तरीय पुल नहीं है जिसके कारण बारसोई अनुमंडल कार्यालय जाने में कदवा प्रखंड के मधाईपुर तथा रिजवानपुर ग्राम पंचायत की आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घाट पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1578. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के फतेहपुर पंचायत के वार्ड नंबर 20 में बहरदार टोला वासियों के आवागमन हेतु तारानंद बहरदार के घर से खैरा कोशकापुर सीमा तक कच्ची सड़क है, कच्ची सड़क होने से आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तथा बरसात के दिनों में लगभग तीन माह तक कीचड़मय स्थिति उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड अंतर्गत फतेहपुर पंचायत के वार्ड नंबर 20 में तारानन्द बहरदार के घर से खैरा कोशकापुर सीमा तक पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1579. श्री मोती लाल प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुप्पी प्रखण्ड अन्तर्गत बागमती नदी के आखता-घाट पर पुल नहीं होने के कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है तथा आम जनता को नाव का सहारा लेना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक आखता-घाट पर पीपा पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1580. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के फुल्लीडुमर प्रखंड स्थित कैथा पंचायत ग्राम-कनोढ़ी वार्ड नं० 1 फुल्लीडुमर मुख्यालय से कनोढ़ी तक सड़क पुल एवं पुलिया का निमार्ण नहीं हुआ है, जिससे आवागमन में आम जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*1581. श्री प्रकाश वीर (क्षेत्र संख्या-235 रजौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के पकरीबरावां प्रखण्ड के ग्राम-उकौड़ा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, उकौड़ा के बगल से महावीर स्थान होते हुये इन्द्रदेव चौधरी के घर तक की सड़क कच्ची एवं जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1582. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के दिलावरपुर पंचायत एवं करनाली टोला में सड़क नहीं रहने के कारण आज भी मुख्य सड़क की संपर्कता से लोग वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त छुछुनरिया टोला एवं करनाली टोला में सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1583. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत प्रखण्ड जहानाबाद पंचायत मुठेर से गुजरने वाली एन०एच० 83 से गोलखपुर भाया इमलीया-सोहे पथ लगभग दस वर्षों से जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के सड़क अनुरक्षण नीति के तहत सड़क मरम्मती का कार्य करना है, संवेदक के द्वारा एक भी वर्ष में मरम्मत नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराते हुये विभागीय अभियंताओं एवं संवेदक पर जाँच कराकर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का जीर्णोद्धार

*1584. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला औरंगाबाद अन्तर्गत प्रखंड रफीगंज में चेव रफीगंज रोड से प्राणपुर होते हुये मदारपुर से तेतरिया तक पथ की स्थिति जर्जर है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना हो रही है एवं ग्रामवासियों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 10 वर्षों से उक्त पथ पर कोई काम, पथ रिपेयर एवं जीर्णोद्धार नहीं हुआ है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*1585. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बायसी प्रखंड अन्तर्गत टी 1 एन०एच०-11 से

मंडेल जाने वाली पथ 2017 के बाद से ही क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के अंदर से मिट्टी निकाले जाने के कारण आवागमन पूर्णरूप से बाधित है तथा स्थिति खराब हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बायसी प्रखंड अन्तर्गत टी 1 एन०एच०-11 से मंडेल जाने वाली पथ को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1586. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत 01 जनवरी, 1996 से 01 अप्रील, 2010 तक अनु० जाति/जन जाति, अतिपिछड़ा वर्ग के लाभान्वित को अधूरा/अपूर्ण आवास के मरम्मत हेतु प्रति लाभुक 50 हजार राशि मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत देने का प्रावधान सरकार द्वारा 28 दिसम्बर, 2020 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में अधिकारियों की उदासीनता के कारण मात्र 5 जिला को छोड़कर सभी जिलों से सूची ग्रामीण विकास विभाग को अप्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत अपूर्ण/अधूरा आवासों का सर्वे कराकर लाभुकों को 50-50 हजार रुपया उपलब्ध कराने तथा योजना को धरातल पर उतारने में असफल पदाधिकारी/कर्मी को चिन्हित कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अंशतः स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि दिनांक 01 अप्रील, 2010 के पूर्व इंदिरा आवास योजनान्तर्गत सहायता राशि प्राप्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के वैसे परिवार जिनका आवास अधूरे/अपूर्ण अवस्था में है, को पूर्ण कराने हेतु प्रति इकाई 50,000 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना' वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्रारंभ की गयी है। योजनान्तर्गत पात्र लाभुकों का सर्वेक्षण करने हेतु विभागीय पत्रांक 345382, दिनांक 28 दिसम्बर, 2020 से सभी जिलों को निदेश दिया गया था।

(2) अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि राज्य के कुल 13 जिलों यथा-मुंगेर, शेखपुरा, रोहतास, वैशाली, नालंदा, खगड़िया, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, कैमूर (भभुआ), औरंगाबाद, किशनगंज, भागलपुर एवं गया जिला से लाभुकों का सर्वेक्षण करते हुये विभाग को सूचना उपलब्ध करायी गयी है।

(3) योजनान्तर्गत योग्य लाभुकों को सहायता राशि भुगतान के लिये ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आवास सॉफ्ट पर आवश्यक प्रावधान किया गया है। योजनान्तर्गत लाभुकों को सहायता राशि उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश जो विभागीय पत्रांक 1516022, दिनांक 19 जनवरी, 2023 से सभी जिलों को प्रेषित है के आलोक में योग्य लाभुकों की सूची का निर्माण करते हुये लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है। जिलों द्वारा आवास सॉफ्ट पर लाभुकों के निबंधन एवं स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है ।

------------

सड़क का कालीकरण

*1587. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर विधान सभा के अन्तर्गत बिहपुर प्रखंड के 14 नं० रोड से सोनबरसा अनुसूचित जाति टोला, चौधरी टोला, मास्को टोला, बेदा बाबु टोला होते हुये मंडल टोला तक सड़क जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क को कालीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

तालाब के सौन्दर्यीकरण

*1588. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरूआ प्रखंड के गुरूआ पंचायत के मध्य विद्यालय के पास सूर्य मंदिर तथा उसके प्रांगण में तालाब अवस्थित है, जिसकी चहारदीवारी जर्जर रहने के कारण श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराते हुये सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से मुक्त

*1589. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत एकमा प्रखंड एवं लहलादपुर प्रखंड के हजारों एकड़ जमीन पर जल-जमाव के कारण धान की खेती नहीं हो पाती है, जिससे किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों के प्रभावित स्थलों को जल-जमाव से मुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1590. श्री भाई वीरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत बेलदौर प्रखंड स्थित पिरनगरा से भोलादास बासा भाया मेहनाथ नगर होते हुये कासनगर बाजार सीमा तक की सड़क विगत 20-25 वर्षों से जर्जर रहने से स्थानीय दर्जनों गाँवों के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई के साथ वर्षात के दिनों में प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय से सम्पर्क नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि देना

*1591. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के डुमरी कटसरी प्रखंड के मकसूदपुर कररिया पंचायत के वार्ड 2, 3, 4, 5, 7, 9, 10, 14 एवं 15 की ज्यादातर आबादी को इसके भौगोलिक बसावट के कारण सरकार की गली-नाली एवं हर घर नल का जल पेयजल निश्चय योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मकसूदपुर कररिया पंचायत के उक्त सभी वार्डों में गली-नाली एवं हर घर नल का जल पेयजल निश्चय योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु अतिरिक्त राशि आवंटन की आवश्यकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत को गली-नाली एवं हर घर नल का जल पेयजल निश्चय योजना के मद में अतिरिक्त राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*1592. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड ग्राम-कुर्मीबीघा बराज से दक्षिणवारी मठिया के पास करपी बह तक पईन जर्जर है जिससे इस क्षेत्र के करीब 1000 एकड़ भूमि में सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन का निर्माण/जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । प्रश्नाधीन योजना का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जा रहा है । योजना तकनीकी दृष्टिकोण से संभाव्य पाये जाने पर विभागीय प्राथमिकता एवं निधि उपलब्धता के आधार पर विहित प्रक्रिया के तहत कार्य कराया जा सकेगा ।

--------

सड़क का निर्माण

*1593. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड में आरा कोईलवर बाँध पर नियाजीपुर ढाला से केशोपुर ग्राम तक बाँध पर सड़क नहीं होने से ग्रामीण जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध के सड़क पर नियाजीपुर पंचायत, कड़सन पंचायत एवं केशोपुर पंचायत के ग्रामीण जनता का आना-जाना लगा रहता है, पर सड़क खराब होने से आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोईलवर बाँध पर नियाजीपुर ढाला से केशोपुर ग्राम तक बाँध पर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1594. श्री नन्द किशोर यादव (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना साहिब विधान सभा में पथ प्रमंडल, पटना सिटी के नियंत्रणाधीन कुल 31 सड़कों को रोड मेंटेनेंस पॉलिसी के तहत संधारित करने के लिये चिह्नित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चयनित कुल 31 सड़कों में से 12 सड़कों यथा अशोक राजपथ, सुदर्शन पथ, शेरशाह पथ, खाजेकलां सिटी कोर्ट, नवाब बहादुर रोड, खाजेकलां घाट रोड, जल्ला रोड (शेरशाह लिंक पथ), कुम्हरार-संदलपुर-शनिचरा रोड आदि की स्थिति ठीक नहीं है और सड़कों पर गड्ढे हो गये हैं जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त 12 सड़कों को गड्ढा रहित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*1595. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी प्रखंड अन्तर्गत गाजीपुर चौक पर पेयजल, शौचालय एवं नाला का निर्माण नहीं होने के कारण आने-जाने वाले यात्रियों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चौक पर पेयजल, शौचालय एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक । जिला पदाधिकारी, वैशाली के पत्रांक 588, दिनांक 25 फरवरी, 2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है:--

1. वैशाली जिला के देसरी प्रखंड अंतर्गत गाजीपुर चौक उफरौल पंचायत के वार्ड संख्या-1,4 एवं 8 में आता है, जहाँ वार्ड संख्या-1 और 4 में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (PHED) से नल-जल योजना क्रियान्वित है एवं वार्ड संख्या-08 में मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत नल-जल योजना क्रियान्वित है, जो सुचारू रूप से क्रियाशील है।

2. सामुदायिक शौचायल नहीं है। GPDP में योजना लेकर 15वें वित्त आयोग से सामुदायिक शौचालय का निर्माण शीघ्र करा लिया जायेगा ।

3. गाजीपुर चौक पर राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग (NH) के द्वारा NH-322 के बगल में नाला का निर्माण किया गया है।

--------

सड़क का निर्माण

*1596. श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लौकहा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत खुटौना-लौकही प्रखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क छाड़ापट्टी जीरो प्वाइंट से 16 आर0डी0 चतुर्भुज पिपराही तक ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, फुलपरास के द्वारा निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण वर्ष 2019-20 में चार करोड़ रूपया के लागत से बनाया गया है, जिसमें संवेदक और विभाग के पदाधिकारी के मिली-भगत से प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किया गया है जिसके कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*1597. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अनुशंसित नवनियुक्ति पंचायत सचिवों का पद जिला संवर्गीय एवं अल्प वेतनभोगी (2000 ग्रेड पे) होते हुए भी इन्हें गृह जिला से 300 से 500 कि0मी0 दूर पदस्थापित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 122 लोगों को अपने गृह जिला में एवं लगभग 400 लोगों को निकटवर्ती जिला में पदस्थापित किया गया है, जबकि अधिकांश महिलाएं और दिव्यांगों को गृह जिला में पदस्थापना के लिए वरीयता भी नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत सचिवों को गृह जिला अथवा नजदीक के जिले में पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि बिहार ग्राम पंचायत (सचिव की नियुक्ति, अधिकार एवं कर्तव्य) नियमावली, 2011 के कंडिका-4(1) में ग्राम पंचायत सचिव के पद पर शत-प्रतिशत सीधी नियुक्ति दिये जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही नियमावली की कंडिका-4(3) के प्रावधानानुसार ग्राम पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु जिला पदाधिकारी सक्षम प्राधिकार है।

7वां वेतन आयोग के अनुसार पंचायत सचिव का वर्तमान पे बैंड 5200-20200 इंट्री (ग्रेड) पे 2000 लेवल 3 अनुमानित है।

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा पंचायत सचिव के 3161 पद के विरूद्ध 3127 पदों पर चयनित सफल अभ्यर्थियों की कोटिवार अनुशंसा रिक्तियों के विरूद्ध विभाग को उपलब्ध कराया गया, जिसके आलोक में विभागीय पत्रांक 6608, दिनांक 15 जुलाई, 2022 द्वारा Random आधार पर कोटिवार जिला आवंटन करते हुए सभी जिलों को सभी सफल अभ्यर्थियों की अनुशंसा भेजी गयी है। गृह जिला में पदस्थापन हेतु विभाग बाध्य नहीं है।

(2) अस्वीकारात्मक। विभागीय पत्रांक 6608, दिनांक 15 जुलाई, 2022 द्वारा Random आधार पर जिलों को सफल अभ्यर्थियों की अनुशंसा भेजी गयी है।

(3) उपरोक्त कंडिकाओं में वस्तुस्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

--------

सड़क का निर्माण

*1598. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के बरही से वालापट्टी तक की सड़क निर्माण 12 वर्ष पूर्व तथा खजौली प्रखंड के टी0ओ0-22 से नरार धानटोल तक की सड़क का निर्माण 10 वर्ष पूर्व किया गया था, जो जर्जर है जिसके कारण आवागमन में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*1599. श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत खुटौना से तनुआही मुख्य पथ है जो नेपाल के अन्तर्राष्ट्रीय सीमा को जोड़ता है, जिससे वाहनों का आवागमन अत्यधिक रहता है, साथ-ही-साथ इस पथ की चौड़ाई कम होने के कारण लोगों को यातायात में कठिनाई होती है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पी0डब्लू0डी0 पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*1600. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत ज्योति चैक से बक्सर गोलम्बर, बक्सर बाईपास एवं बड़ी मस्जिद से सेन्ट्रल जेल तक पथ अवस्थित है तथा दोनों पथों पर यातायात का दबाव अत्यधिक होने के कारण प्रायः जाम की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण प्रमण्डल, बक्सर द्वारा उक्त दोनों पथों को एक्शन प्लान 2022-23 में लिया गया है, लेकिन अभीतक किसी तरह का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों का उक्त प्लान के तहत चौड़ीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1601. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के मोदनगंज प्रखंड अन्तर्गत विशुनपुर ओकरी पंचायत के चंधरिया गाँव में वर्ष 2018-19 में असगर मियां के घर से हीरा पंडित के घर होते हुये आगे तक ढक्कनयुक्त नाला का निर्माण कराया गया था, जिसमें ढक्कन ढुलाई में छड़ की जगह ताड़ पत्ता का डंटी लगा दिया गया था, इस वजह से नाली सालभर में ही टूट गया और गली कीचड़ से भरा हुआ है, जिससे आने-जाने में आमलोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पुनः नाली निर्माण कराने एवं अनियमितता के लिये दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य केन्द्र और उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*1602. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत इस्लामपुर प्रखण्ड के अति०प्रा०स्वा० केन्द्र, लारेगपुर के निर्माण की स्वीकृति स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पंचायती राज विभाग को दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग के द्वारा बनाये जा रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लारेगपुर अति०प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को भारत सरकार के निर्धारित मानदंडों के अनुसार निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*1603. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड गड़हनी के गड़हनी-अगिआंव मुख्य पथ शिवपुर स्टैंड से उर्दू प्राथमिक विद्यालय, चैयाचक होते हुये मुशहर टोली ग्राम-गौरा तक एवं गड़हनी-अगिआंव मुख्य पथ से मध्य विद्यालय, चैयाचक तक जाने वाली सड़क जर्जर हो चुकी है, आये दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं, इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों के निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1604. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा (अ०जा))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखण्ड के कन्या मध्य विद्यालय, डुमरी कला से चकरघट्टा होते हुये महादेव तक जानेवाली सड़क अनेक पंचायत को जोड़ने वाली सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के लिये आज भी चचरी पुल के सहारे लोग आते-जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल एवं पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*1605. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड स्थित ऐतिहासिक स्थल अहिल्या स्थान जाने हेतु यात्री भाया टेकटार कमतौल मार्ग का सहारा लेते हैं, जिससे पर्यटकों को आने-जाने में 03 घंटा अधिक समय लगता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि SH-75 गोपालपुर गुमटी (नेंगरा मोड़) से सीधी सड़क ऐतिहासिक स्थल अहिल्यास्थान जाने हेतु सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनों में आक्रोश है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार SH-75 गोपालपुर गुमटी (नेंगरा मोड़) से सीधी सड़क ऐतिहासिक स्थल अहिल्यास्थान जाने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क को अधिग्रहण कर पथ निर्माण विभाग से करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*1606. श्री सुनील मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के पहाड़पुर प्रखंडान्तर्गत अरेराज बेतिया पी०डब्लू०डी० पथ स्थित बथुआहां चौक से नीरपुर यादव टोला तक एवं सटहां चौक से दुधियावा बाजार (लगभग 3 कि०मी०) तक की ग्रामीण सड़क जर्जर हो गयी है जिससे आमजनों को आने-जाने में यातायात में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों ग्रामीण पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*1607. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत पताही प्रखंड के ग्राम पंचायत राज पताही पश्चिमी पंचायत के ग्राम-बेला बैजू में स्टेट ट्यूबवेल से उच्च विद्यालय, बेला बैजू होते हुये सिहसहनी पुल तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण बरसात में जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है और छात्र/छात्राओं एवं आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व से लगभग 4 करोड़ की लागत से पुल बनकर तैयार है लेकिन पक्की सड़क नहीं होने से पुल का उपयोग आम जनता करने से वंचित हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्य कराना

*1608. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत भैसहा नदी पर गेटेक विचर परियोजना हेतु डी०पी०आर० लघु जल संसाधन प्रमंडल, बक्सर द्वारा स्वीकृति हेतु विभाग को समर्पित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा उक्त डी०पी०आर० की स्वीकृति पिछले दो सालों से नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भैसहा गेटेक विचर परियोजना के डी०पी०आर० को स्वीकृति देते हुये कार्य प्रारम्भ कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

साईफन निर्माण

*1609. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-बिहारीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा के ग्वालपाड़ा प्रखंड के विषवारी पंचायत में बरसात के दिनों में हजारों एकड़ जमीन में चार से पांच माह पानी जमा हो जाता है, जिसके कारण किसानों का पूर्णत: फसल बर्बाद हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हजारों एकड़ में जमा पानी के निकासी हेतु कोई व्यवस्था अभीतक नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पानी निकासी हेतु पास से गुजरने वाली खुरहान वितरणी नहर में चैबीस आर०डी० पर साईफन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सफाई कराना

*1610. श्री अली अशरफ सिद्दीकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में कदवा नदी के बेड में बालू भर जाने से खेतों में जलप्लावन हो जा रहा है जिसके कारण हजारों एकड़ की फसल प्रत्येक वर्ष बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कदवा नदी में बेड की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नदी से जलकुम्भी हटाना

*1611. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला, काको प्रखंड अन्तर्गत दरधा नदी में परसाईन से लेकर सलेमपुर तक जलकुम्भी की मोटी परत जमी हुई है जिसमें फंसकर कई लोगों की जान जा चुकी है तथा पानी का प्रवाह प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी से जलकुम्भी हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1612. डा० सी०एन० गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत रिविलगंज प्रखंड के कचनार पंचायत के जिगना गांव में प्राथमिक विद्यालयो के सामने उत्तर तरफ बांध से दक्षिण तरफ बांध में रामेश्वर साह के घर से पूरब सोंधी नदी पर पुल का निर्माण नहीं हुआ, जिसके कारण आमजनों को यातायात में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी एवं स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1613. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकु सिंह (क्षेत्र संख्या-1 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड के दोन केनाल से जरार होते हुये हरनाटाड मुख्य पथ तक सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क-सह-पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1614. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ०ज०जा०)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत कटोरिया प्रखंड के दामोदरा पंचायत में बुढ़ीघाट दमोदरा रोड से महेशदुकुआ भाया दोलभंगा एवं कटोरिया प्रखंड के कटियारी पंचायत में इंदुडीह रोड से माथासार आदिवासी गांव तक सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त गांवों में सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बियर निर्माण

*1615. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत हवेली खड़गपुर के रतैठा पंचायत के रतनी गांव के नजदीक बाढ़ नियंत्रण हेतु हुलास बांध में जियो बैग का प्रयोग किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पानी की रफ्तार कम होने पर किसान इससे सिंचाई का प्रबंध करते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि जियो बैग का बांध टूट जाने पर सिंचाई व्यवस्था बाधित हो जाती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जियो बैग के बांध के बदले पक्का बियर का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल की मरम्मती

*1616. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया के कटैया, नंदनगढ़ मानइर में विशुनपुरवा तथा योगापट्टी के डुमरी, भवानीपुर, विश्रामपुर, फतेहपुर, मच्छरगांवा, बेलबनवा आदि के नहरों पर लगभग बीस बने पुल संकीर्ण होने के कारण आये दिन दोपहिया वाहन चालक को अपनी गाड़ियों के साथ नहर में दुर्घटनाग्रस्त होना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संकीर्ण पुलों की स्थिति काफी दयनीय होने के साथ बगल का सेफ्टीवॉल्व भी ध्वस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सभी क्षतिग्रस्त संकीर्ण पुलों की मरम्मती कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*1617. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सलखुआ प्रखंड अंतर्गत साम्हरखुर्द पंचायत स्थित साम्हरकला से धमारा घाट रेलवे स्टेशन तक जानेवाली सड़क की स्थिति बेहद जर्जर है जिसके कारण आमजनों को यातायात में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1618. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चकिया प्रखंड में 76 एवं मेहसी प्रखंड में 55 कच्ची सड़कें है जिसका सर्वे करा लिया गया है एवं सर्वे ID वर्ष 2021 में ही जेनरेट किया जा चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोर नेटवर्क तैयार नहीं होने के कारण उपरोक्त वर्णित पथों का निर्माण नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सर्वे किये हुये पथों को कोर नेटवर्क में सम्मिलित कर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1619. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत रून्नीसैदपुर उत्तर पंचायत के हनुमान मंदिर मुख्य पथ से चकनदोनई टोला जाने वाली सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामीण सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

तटबंध की मरम्मती

*1620. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गंडक नदी पर सलेमपुर, छरकी, हसनपुर छरकी, महारानी छरकी, बन्धौली-शीतलपुर-फैजुल्लाहपुर छरकी के पास से नदी के मुख्य धारा का पानी का बहाव हमेशा रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तटबंध/छरकी बाढ़ के समय टूट जाने से आमजनता को नुकसान उठाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार उक्त नदी के तटबंध-छरकी का मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1621. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत बिठौली से नंदापट्टी तक सड़क जिसकी लंबाई लगभग 3.5 किलो मीटर है जो जर्जर है और इस सड़क का टेंडर होने के बावजूद अभीतक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रोन्नति देना

*1622. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना सिटी स्थित पथ प्रमंडल, गुलजारबाग पथ निर्माण विभाग में वर्ष 1988 ई० में चतुर्थवर्गीय कर्मियों की नियुक्ति की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि निम्नवर्गीय लिपिक का 85 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाने और 15 प्रतिशत पद समूह ''घ'' के वैसे कर्मी जो लिपिक के पद पर नियुक्ति की अर्हता रखते हैं, उन्हें बिना किसी परीक्षा के वरीयता के क्रम में प्रोन्नति देने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वैसे चतुर्थवर्गीय लिपिक जो तृतीय श्रेणी में प्रोन्नति का सभी अर्हता रखते हैं, प्रोन्नति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*1623. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि काढ़ागोला (कटिहार) बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल अन्तर्गत मरघिया पासवान टोला, मंडल टोला, छोहार संथाली टोला आदि गांवों में बरडी नदी से कटाव हो रहा है तथा कुछ टोले नदी में विलीन हो चुके हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मरघिया पासवान टोला, मंडल टोला, छोहार संथाली आदि गांव को बरंडी नदी के कटाव से बचाने हेतु कटाव निरोधी रिटनिंग बॉल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1624. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर ज़िला के बबरगंज से कोयली खुटाहा ज़ानेवाली सड़क का स्थिति जर्जर होने के कारण ग्राम वासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बबरगंज से कोयली खुटाहा तक की सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अन्डर पास का निर्माण

*1625. श्रीमती भागीरथी देवी (क्षेत्र संख्या-2 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के ग्राम-तौलाहा एवं विलासपुर में उपमार्ग (अन्डर पास) का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण उक्त ग्राम की जनता को रेलवे लाइन पार कर आवागमन करना पड़ता है जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर उपमार्ग (अन्डर पास) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पईन का सफाई

*1626. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के अन्तर्गत बबुरईन पईन की सफाई कार्य का सर्वे लघु सिंचाई विभाग के द्वारा दो वर्ष पूर्व में कराई गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पईन का सफाई कार्य कराने की निविदा की प्रक्रिया नहीं की गई है, जबकि पईन की सफाई अतिआवश्यक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पईन का सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य करवाना

*1627. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड काराकाट, ग्राम-देव में खाता नम्बर 884, प्लॉट नम्बर 2921 साढ़े तेरह एकड़ भूमि में फैले आहर के सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सर्वे कार्य करने के बावजूद विभाग से कोई अग्रेतर कार्रवाई नहीं होने से इस भूमि का उपयोग गिने चुने लोग ही निजी रूप से कृषि कार्य में करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमि का खुदाई कर जल संचय कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई की व्यवस्था

*1628. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान सभा क्षेत्र के बिन्द प्रखंड के ग्राम पंचायत, उतरथु के मसानी पर से लेकर ब्रहास्थान होते हुये मध्य विद्यालय, उतरथु तक पईन की उड़ाही नहीं होने के कारण सैकड़ों एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पईन की उड़ाही कराते हुये सिंचाई की व्यवस्था करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव का रोकथाम

*1629. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सबौर प्रखंड के बाबूपुर मोड़ से शंकरपुर सड़क तक गंगा नदी से कटाव जारी है और अभीतक दर्जनों गाँव के सैकड़ों परिवार की जमीन और मकान गंगा में विलीन हो चुके हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कटाव के रोकथाम हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1630. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के खैरवा से चैनपुर तक जाने वाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण आमलोगों को दुर्घटना का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक खैरवा से चैनपुर तक जाने वाली सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

एप्रोच पथ का निर्माण

*1631. श्री अमर कुमार पासवान (क्षेत्र संख्या-91 बोचहाँ (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहां विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड मुशहरी जगन्नाथ मिश्र कॉलेज से उत्तर बुढ़ी गंडक नदी पर कई वर्षों से पुल बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के एप्रोच पथ निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का एप्रोच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1632. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले के भलुआही मोड़ से सवाजपुर होते हुये नया गाँव, एन0एच0 104 में मिलने वाली सड़क जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*1633. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के भगवान प्रखंड एवं मंसूरचक प्रखंड अन्तर्गत दलसिंहसराय मालती पिपरा पथ का बचा हुआ भाग का चौड़ीकरण नहीं होने के कारण बराबर दुर्घटनाएँ होती रहती जिससे आमलोगों के जान-माल की क्षति होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दलसिंहसराय कादराबाद मालती पिपरा पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथ, दलसिंहसराय-कैदराबाद-मालती पथ, बाजीतपुर-दलसिंहसराय-नरहन-रोसड़ा (MDR) पथ के 11वें किलो मीटर से उद्गमित होकर कैदराबाद होते हुये मालती में मुंगेरघाट-रसीदपुर पथ में जाकर मिलती है । पथ की कुल लम्बाई 36.00 किलो मीटर है, जिसमें पथ की 6.00 किलो मीटर लम्बाई, 7.0 मीटर चौड़ा है एवं शेष 30 किलो मीटर में 19.00 किलो मीटर लम्बाई 3.05 मीटर चौड़ा एवं 11.00 किलो मीटर लम्बाई 5.50 मीटर चौड़ा है । पथ OPRMC-II के तहत संधारित है एवं पथ की स्थिति अच्छी है ।

पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण अगले वित्तीय वर्ष में स्वीकृत करने का लक्ष्य है ।

पथ का चौड़ीकरण

*1634. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के मुख्यालय से प्रमंडलीय मुख्यालय मुंगेर तक जाने के लिए बरहट-कुकुरझप-पेसराहा होते हुए भाया सकौल बंगलवा-धरहरा लिंक पथ के नवीकरण एवं चौड़ीकरण नहीं होने से आवागमन में कठीनाई हो रही है, साथ ही इस मार्ग के उन्नयन से उग्रवादी गतिविधि पर रोक-थाम में सहूलियत हो जाएगी ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का नवीकरण एवं चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1635. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कुढ़नी प्रखण्ड के सोनवर्षा पुल से सहनी टोला होते हुए महम्मदपुर आलम शिव मंदिर तक सड़क जर्जर है, आजादी के बाद आजतक नहीं बना है, जिससे आमजनों को यातायात में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1636. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के सोनवर्षा चौक से धर्मपुर जाने वाली ग्रामीण सड़क जिसके निर्माण के लिए विभागीय निविदा माह अगस्त, 2020 में की गई है, सड़कों के एग्रीमेंट के बावजूद अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है जिसके कारण आमलोगों को यातायात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1637. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड के थतियाँ बजरंगवली स्थान के निकट से पूर्व सरपंच राजेश्वर सिंह के घर से जाने वाली सड़क जर्जर है, जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है एवं आमजनता को यातायात में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*1638. श्रीमती वीणा भारती (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत जदिया के ग्राम-फुलकाहा वार्ड नं0-20 में ईमली गाछी मोड़ से जदिया सीमा वार्ड नं0-13 तक 2 किलोमीटर कच्ची सड़क का अबतक पक्कीकरण नहीं किया गया है, जिससे फुलकाहा के लोगों को अबतक एकल सम्पर्कता नहीं मिल पाया, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*1639. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधवापुर प्रखण्ड के पखरौनी से उचैठ दुर्गास्थान तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है जिसके कारण लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव रोकना

*1640. श्री शंम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रम्हपुर प्रखण्ड में नैनीजोर दक्षिणी पंचायत के ग्राम ढाबी में गंगा नदी से वृहद कटाव हो रहा है, उक्त स्थान पर कटाव रोकने के लिए ग्रामीण जनता द्वारा सरकार से गंगा किनारे ठोकर बनाने की मांग की गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नैनीजोर दक्षिणी पंचायत के ग्राम ढाबी में गंगा नदी से कटाव रोकने के लिए गंगा नदी में ठोकर बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तालाब का जीर्णोद्धार

*1641. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा जल-जीवन हरियाली योजना के तहत राज्य के तालाब (पोखरा) का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार कराने का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड के डहरक ग्राम के दक्षिण भाग में है, लालो पोखरा एवं पश्चिम भाग में उदर्व पोखरा का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार नहीं होने से गाद एवं जंगली घास जम गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाब (पोखरा) का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1642. श्री मनोज मँजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यही बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-गडहानी के पड़रिया से काऊप पथ और काऊप से पथार पथ जर्जर हो चुका है जिससे आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों के पुनर्निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1643. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के मेहसी प्रखण्ड अन्तर्गत सलेमपुर PMGSY, रानीपट्टी से झिटकहिया भाया मढ़िया सड़क का निर्माण कार्य 02 दिसम्बर, 2014 को प्रारम्भ हुआ, पथ में संवेदक द्वारा शुरूआत में थोड़ा बहुत कार्य करके छोड़ दिया गया जो अबतक पूरा नहीं हुआ जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क निर्माण में घोर अनियमितता के दोषियों पर कार्रवाई कर नये सिरे से सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1644. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखण्ड के रतनसराय से नेउरी-बेलसंड होते हुये माधोपुर तक जानेवाली सड़क तथा एन०एच० 28 देवापुर से कोटवां होकर बरौली जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों के जीर्णोद्धार का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का निर्माण

*1645. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के घरेलू कामगारों के लिये आजादी के 75 साल गुजर जाने के बाद भी सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की स्थापना नहीं होने तथा इसके लिये कोई कानून अबतक नहीं बनाये जाने के कारण इनकी स्थिति समाज में दयनीय बनी हुयी है, विशेषकर महिलाओं कामगारों के साथ भेदभाव होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राज्य के घरेलू कामगारों एवं उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिये सामाजिक सुरक्षा बोर्ड तथा कानून बनाये जाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1646. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना मुख्य नहर की सड़क से अरवल प्रखण्ड के बंदेली बिगहा से हैबतपुर गाँव तक सड़क बन गया है जबकि हैबतपुर से बैदराबाद-बेलखरा मुख्य स्टेट हाइवे तक महज एक किलो मीटर भी सड़क नहीं बना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बैदराबाद-बेलखरा रोड से चौरम चैनल से जानेवाली सड़क जर्जर है, जो डाइरेक्ट जिला शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र तक पहुँचती है तथा आमलोगों को एस०एच०-बैदराबाद-बेलखरा रोड से 15-20 किलो मीटर घूमकर हैबतपुर जाना पड़ता है ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार बैदराबाद-बेलखरा एस०एच० मुख्य मार्ग से हैबतपुर तक महज एक किलो मीटर सड़क बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1647. श्री नीरज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-45 छातापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के छातापुर विधान सभा के अन्तर्गत वसंतपुर प्रखण्ड में एम०एम०जी०एस०वाई० योजना के तहत बनने वाली सड़क जो वसंतपुर 22आरडी के उत्तर से लेकर रामजी साह रघुनाथपुर तक है, इस निर्माणाधीन सड़क में निर्माण कार्य बंद है तथा संवेदक का निर्माण अवधि का सीमा समाप्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1648. श्री भाई वीरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिहटा प्रखंड स्थित मकदुमपुर पंचायत के ग्राम कुशाढ़ी में पुरैनिया घुरीचक रेलवे लाइन से नेउरा तक लगभग 1.550 कि०मी० सड़क जर्जर रहने से आमजनों के साथ स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो कबतक उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*1649. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखण्ड के रिजवानुर ग्राम पंचायत के शकरपुर तथा दिलशादपुर में मृत महानन्दा नदी द्वारा बरसात के समय कटाव किया जाता है, जिससे निकटस्थ आबादी को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्थान पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापन करना

*1650. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड में जे०ई०, ए०ई०, लेखापाल प्रधान लिपिक एवं लेखापाल पी०एम०ए०वाई० का पद रिक्त है, जिससे जनहित का कार्य प्रभावित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विभूतिपुर प्रखंड में उक्त पदों पर पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*1651. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत कहतरा से किशुनपुर पथ की लम्बाई लगभग 15 कि०मी० है, जो पूर्व में प्रधानमंत्री योजना से तैयार किया गया था, लगभग 11 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, तथा इस पथ पर भारी वाहनों का आवागमन बहुत ज्यादा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ को प्रधानमंत्री सड़क योजना में जोड़ते हुये पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1652. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के मुसहरी पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय के बगल से स्व० बिनोद सिंह टोला होते हुये अनंत स्थान तक सड़क कच्ची है, जिससे किसानों, छात्र/छात्राओं एवं आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं उक्त सड़क में बरसात के तीन महीने तक कीचड़मय स्थिति उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक फारबिसगंज प्रखंड के मुसहरी पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय के बगल से स्व० बिनोद सिंह टोला होते हुये अनंत स्थान तक पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1653. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखंड के टाल पंचायत के मुखिया पंचायत सेवक तथा रोजगार सेवक द्वारा 2016 से 2021 तक बगैर कार्य किये हुये योजना मद का करोड़ों रुपया का विषय अनियमितता किया गया है, जिसकी शिकायत टाल पंचायत के वार्ड सदस्य वार्ड नं०-5 ने वित्तीय अनियमियता से संबंधित कार्रवाई करने का आवेदन के माध्यम से लोकायुक्त बिहार सरकार पटना, निदेशक पंचायती राज पदाधिकारी, सहित अन्य पदाधिकारियों से किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुश्रवण पदाधिकारी द्वारा पत्र संख्या 2प/वि17-332/2022/9816/पं०रा० बिहार सरकार के द्वारा जिला पदाधिकारी औरंगाबाद और जिला पंचायत राज पदाधिकारी औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया था और आवेदक को कार्रवाई से अवगत कराने का कहा था, लेकिन अभीतक की गई कार्रवाई से आवेदक को अवगत नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वित्तीय अनियमितता की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*1654. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड अंतर्गत ग्राम मोकर से आकाशी पंचायत होते हुये वभनपुरवा पुल तक सड़क की लंबाई 3.5 कि०मी० है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसपर आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1655. श्री बच्चा पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी प्रखंडों में कार्यपालक पदाधिकारी कार्यरत हैं, जिन्हें दायित्वों के निर्वहन हेतु बुनियादी सुविधाओं के अलावा अनुश्रवण हेतु कोई वाहन की व्यवस्था नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी कार्यपालक पदाधिकारी राजपत्रित होते हुये पद राजपत्रित नहीं होने से पदाधिकारियों को अपने पद के दायित्वों के निर्वहन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्यपालक पदाधिकारियों का पद राजपत्रित घोषित करने तथा सभी प्रखंडों में अनुश्रवण हेतु वाहन एवम् बुनियादी सुविधाओं का प्रबंध करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1656. <u>श्री राजवंशी महतो (क्षेत्र संख्या-141 चेरिया बरियारपुर)</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत प्रखंड चेरियाबरियारपुर एवं खेदावंदपुर में गंडक नदी के तटबंध पर सियुरी से फफौत तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा होने के चलते आम-आवाम को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1657. <u>श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के इटहरवा से घाटभटरा होते हुये मच्चाहाट तक जानेवाली मुख्य सड़क विगत् 10 वर्षों से जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पुर्ननिमाण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चैनल की खुदाई

*1658. <u>श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर विधान सभा के बिहपुर प्रखंड में गुआरीडीह पुरातत्व स्थल को बचाने के लिये नवम्बर, 2020 में पाइलेट चैनल खुदवाने का आदेश हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पाइलेट चैनल की 2021 में खुदाई तो हुई लेकिन वो चैनल काम नहीं किया और गाद से भर गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चैनल की खुदाई करवाकर गुआरीडीह पुरातात्विक स्थल को बचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य योजना बनाना

*1659. <u>श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)</u>--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 फरवरी, 2022 को प्रकाशित शीर्षक ''व्यवस्था जाम बालू ढुलाई का एक ही रास्ता छोड़ा नतीजा 5 साल में 14 कि०मी० फोरलेन ट्रकों के कब्जे में'' के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना से बिहटा होकर बिहटा-कोईलवर-आरा-छपरा जानेवाली राज्य की फोरलेन सड़क पर सालों भर जाम लगा रहता है तथा उक्त सड़क के 14 कि० मी० के हिस्से वाले आरा-छपरा फोरलेन पर भी घंटों जाम लगा रहता है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त सड़क को जाम से मुक्ति दिलाने हेतु कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत कोइलवर-छपरा पथ, बिहटा-कोईलवर आरा-छपरा पथ का पथांश है, जिसकी कुल लम्बाई 21.00 कि०मी० है । कोईलवर से छपरा की ओर Left Lane के Bituminous अंश को PQC पथ में परिवर्तित करने का प्रावधान किया गया है, जिसकी निविदा प्रक्रियाधीन है । निविदा निष्पादनोपरान्त अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी । कार्य समाप्तोपरान्त सुगम यातायात हो जाने के फलस्वरूप जाम की समस्या से निजात पाया जा सकेगा ।

सड़क का निर्माण

*1660. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड के कोलथा पंचायत में पोठिया बेलवा, पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क के डलुआ बस्ती मरगुब की दुकान से मीराबाड़ी आदिवासी टोला एवं दिघली होते हुये सातमेंढ़ी घाट तक पक्की सड़क नहीं रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1661. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा दिनांक 18 दिसम्बर, 2021 को मधुबनी जिला के कमला वराज जयनगर में कार्यारंभ के अवसर पर डी0 बी0 कॉलेज, जयनगर के जनसभा में रेलवे ऊपरी पार पुल शहीद चौक पर निर्माण कार्य बिहार सरकार के संसाधन से कराये जाने की घोषणा की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी उक्त रेलवे गुमटी शहीद चौक पर ऊपरी पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने से वाहनों के आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त गुमटी पर ऊपरी पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*1662. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के कपरसिया पी0डब्लू0डी0 पथ के निकट से धबौलीपामा होते हुये एन0एच0 106 को जोड़ने वाली पथ दो वर्षों से जर्जर स्थिति में हैं जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराते हुये मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास का निर्माण

*1663. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी प्रखंड कार्यालय परिसर में चहारदीवारी एवं पदाधिकारियों के आवास का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे प्रखंड कार्यालय असुरक्षित रहता है तथा पदाधिकारियों को भी आवास नहीं रहने के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चहारदीवारी एवं पदाधिकारी आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1664. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत देव से तथा गया जिलान्तर्गत डुमरिया पथ भया-कंचनपुर, छकरबंधा तक जर्जर है, जिससे आवागमन में आमजनता को असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुरक्षा वॉल बनाना

*1665. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, जल ससांधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत केवटी प्रखंड के असराहा पंचायत के जेठियाही ग्राम में करूवाहा नदी में अधिक कटाव होने के कारण सड़क का आधा हिस्सा कट रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुरक्षा वॉल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1666. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 में पंचायती राज विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना से ग्राम-छेदी टोला, पंचायत भूसौल-दानापुर, फुलवारीशरीफ (पटना) में नल-जल का पानी का टॉवर बैठाया गया है किन्तु टंकी अभीतक नहीं बनाया गया है, जिसमें हमेशा मशीन चलाने पर पानी बेवजह बर्बाद होते रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पानी टंकी लगाने एवं विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार करते है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क से जोड़ना

*1667. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार की मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत सभी छोटे गाँवों-टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने की नीति है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रस्तावित सिकटा प्रखंड के जगन्नाथपुर गाँव की नई बस्ती नरकटिया गाँव के सिकरहना किनारे बसे गाँव नगदन टोला समेत बीसियों को कच्ची सड़क होने के कारण उक्त गाँवों व टोलों का आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बसावटों को कबतक पक्की सड़कों से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चौड़ीकरण करना

*1668. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत अमनौर प्रखंड के अमनौर में राज्य उच्च पथ 73 (एस0एच0 73) एवं राज्य उच्च पथ, 90 (एस0एच0 90) प्रखंड नगरा में संकीर्ण रहने के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य उच्च पथ 73 (एस0एच0 73) एवं राज्य उच्च पथ 90 (एस0एच0 90) का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान करना

*1669. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पंचायती राज विभाग द्वारा सरपंच तथा उप-सरपंच को वेतन भत्ता 2,500 और पंच का वेतन भत्ता 500 प्रतिमाह दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखंड के सभी पंचायतों के सरपंच, उप-सरपंच एवं पंचों की वेतन भत्ता लगभग 3 वर्षों से बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के सभी पंचायतों के प्रतिनिधि को उनकी बकाया राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

पुल का निर्माण

*1670. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी प्रखण्ड में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत कार्य प्रमण्डल मसौढ़ी में रेवां से मानरूप विगहा तक पथ का निर्माण कराई गई थी, लेकिन रेवां पोखर में पुराने पुल पर ही सड़क का निर्माण करा दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुराना पुलिया जर्जर एवं पुराना रहने के कारण ध्वस्त हो गई जिससे मानरूप विगहा का आवागमन बाधित हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पोखर में नये पुलिया का निर्माण कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1671. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद विधान सभा अन्तर्गत देव प्रखण्ड के देव अम्बा पथ से राष्ट्रीय राजमार्ग-02 तक, कपरिया माईनर पथ भाया-गुरगईया, परसन बिगहा एवं अमर बिगहा-पथ जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण देव में स्थित सूर्य मंदिर का दर्शन करने वाले श्रद्धालु एवं ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध बनाना

*1672. श्री विजय कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-51 सिकटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत सिकटी प्रखंड के परिया पंचायत में लूना नदी पर बाँध नहीं रहने के कारण पानी के बहाव से सिंघिया टोला के साथ-साथ कई गाँव का सड़क टूट जाता है, जिससे आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर बाँध बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1673. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियां प्रखण्ड के भुतहा चौक से एकहरी तक सड़क का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क को वल्ड बैंक की योजना के तहत देय प्राप्त राशि के अनुसार एसडीबीसी सड़क का निर्माण किया किया जाना था परन्तु उक्त योजना के अनुरूप गुण्वत्ता विहीन निर्माण कार्य होने से क्षेत्र की जनता में असंतोष व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार योजना के तहत गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य करने के लिए जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1674. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखण्ड के सिलहन खजुरिया पंचायत के अधिन चिराथरी आदिवासी टोला तथा नदीपार मौजा के बीच बड़की बाँध नदी बहती है किन्तु नदी पर पुल नहीं होने के कारण नदीपार मौजा के किसानों को फसल लगाने तथा फसल तैयार हो जाने के उपरान्त उस पार से इस पार लाने और ले जाने में कठिनाई होती है तथा बरसात के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बकाया भुगतान करना

*1675. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चर्तुथ वित आयोग योजना मद से वित्तीय वर्ष-2014-15 में योजना संख्या-01/2014-15 से लेकर 09/2014-15 को पूर्ण करा लिया गया है जिसमें बकाया राशि 19 लाख 62 हजार रुपये का भुगतान अबतक नहीं किया गया है, यदि हाँ तो सरकार कबतक पूर्ण हुई योजना का बकाया भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1676. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत कोंच प्रखण्ड में नेहोरा सड़क से बिजहरी तक और टिकारी प्रखंड के टिकारी इक्खपुर रूपस पथ से सोहर बिगहा तक सड़क कच्ची है। सड़क कच्ची होने के कारण छोटे-बड़े वाहन सहित अन्य वाहनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1677. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सड़क का मरम्मती/पक्कीकरण करने का प्रावधान किया गया है, किन्तु विक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड नौबतपुर स्थित नौबतपुर मसौढ़ी पथ से छोटी टेंगरैला होते हुए गोरैला तक सड़क जर्जर हो जाने से आमजन के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क का मरम्मती/पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान करना

*1678. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार पंचायत आम चुनाव वर्ष 2021 सीतामढ़ी जिले में छः चरणों में कराये गये थे, उक्त चुनाव कार्य में लगे 800 मतदान कर्मियों के पारिश्रमिक का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मतदान कर्मियों के बकाया राशि भुगतान करने में विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर अस्वीकारात्मक है । जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)-सह-जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बिहार पंचायत आम निर्वाचन, 2021 का आयोजन 10 चरणों में किया गया था, जिसमें प्रतिनियुक्त सभी मतदान कर्मियों के पारिश्रमिक का भुगतान कार्मिक कोषांग, सीतामढ़ी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुरूप कर दिया गया है ।

-------------

पुल का निर्माण

*1679. श्रीमती भागीरथी देवी (क्षेत्र संख्या-2 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत गौनाहा प्रखण्ड के पंचायत बेलसंडी के ग्राम-बेलसंडी नहर से टिकूल टोला होते हुये ग्राम-बलुआ, गोईढही, वुशहवा पथ में भोड़हा नारा पर पुलिया तथा ग्राम-शेरवा मस्जिदवा से धुमली परसा जानेवाली पथ में गईचाहा नारा पर पुल नहीं होने से जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नारा पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1680. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत अलौली प्रखण्ड के बदला कराची तटबंध पर सनोखर ढाला से लेकर खगड़िया प्रखंड के सोनमनकी ढाला से लेकर खगड़िया प्रखंड के सोनमनकी ढाला तक 03 कि०मी० सड़क जर्जर है, जिसपर चलना मुश्किल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पर हजारों वाहन प्रतिदिन आते-जाते हैं, जिससे यातायात में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खगड़िया जिला अलौली प्रखंड के बदला कराची तटबंध पर सनोखर ढाला से लेकर खगड़िया प्रखण्ड के सोनमनकी ढाला तक जर्जर सड़क को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*1681. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम पंचारण जिला अन्तर्गत कपरधिका से सेमरा तक बाईपास पथ के निर्माण कराने संबंधी योजना विभाग द्वारा तैयार कर ली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण ने अपने ज्ञापांक 33, दिनांक 24 जनवरी, 2022 के द्वारा इस पथ के निर्माण हेतु विहित प्रपत्र में कार्य योजना तैयार कर अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा है परन्तु बाईपास पथ का निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बाईपास पथ का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1682. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग के कार्य प्रमंडल, दरभंगा 2 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015-16 में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना अन्तर्गत जाले प्रखण्ड में PWD सहनी पासी टोल से चन्द्रदिपा मोड़ टोल तक सड़क निर्माण हेतु सड़क का निविदा निकला था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु संबंधित संवेदक के द्वारा एकरारनामा भी कर लिया गया था परन्तु सड़क का निर्माण कार्य अभीतक अधुरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर नये सिरे से बनवाने के साथ-साथ कार्य में विलम्ब करने वाले सभी संबंधित पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

साईफन निर्माण

*1683. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा के ग्वालपाड़ा प्रखण्ड के ग्वालपाड़ा पंचायत में बरसात के पानी से एवं सुरसर नदी के पानी के उफान से हजारों एकड़ जमीन में चार से पाँच माह पानी जमा हो जाता है, जिसके कारण किसानों का पुरा फसल बर्बाद हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हजारों एकड़ में जमा पानी के निकासी हेतु एक छोटा सा साईफन निर्मित है, जिससे जल निकासी नहीं हो पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पानी निकासी हेतु पास से गुजरने वाली खुरहान वितरणी नहर में बीस आर०डी० पर बने पुराने साईफन के स्थान पर बड़ा साईफन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क एवं पुलिया का निर्माण

*1684. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत पी०एम०जी०एस०वाई० पथ दुर्गानंद झा के घर से महादलित टोला एम०एम०जी०एस०वाई० पथ तक सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ प्रथम छोर के निकट से मरिया नदी का प्रभाव भी है, जिसमें बरसात के दिनों में जल-जमाव रहता है, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थानों में सड़क एवं पुलिया का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1685. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगडिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत ग्राम-राजाजान होते हुये रिटायर्ड रेलबांध मलपा बाजार के बीच सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-राजाजान होते हुये रिटायर्ड रेलबाँध मलपा बाजार के बीच सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1686. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी प्रखंड अंतर्गत लखौरा, फतुहां पथ निर्माण विभाग से बना है जो ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क भाया-फतुहां लखौरा, मोहरा टोला, नौरंगीया, बहुअरी, झिटकहिया तिलावे नदी नवनिर्मित पुल होते हुये बंजरिया प्रखंड के सेमरही या फुलवार, रघुनाथपुर, सुगौली होते हुये राष्ट्रीय उच्च पथ एन०एच०आई० रक्सौल एवं सुगौली जंक्शन रेलवे स्टेशन जोड़ने वाला प्रमुख पथ है जो चार प्रखंडों को जोड़ता है, जिसकी लम्बाई लगभग 20 कि०मी० है, पथ नहीं बनने के कारण आमजन को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक फेज 3 या राज्य सरकार के अन्य योजना से पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*1687. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड स्थित छेमया चौक से उत्तर दास टोला तक की सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*1688. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत हुलासगंज प्रखंड, तीर्रा पंचायत में फल्गू नदी से निकलने वाली महमुदा नहर में इब्राहिमपुर गांव के पास जमाने से बना संकीर्ण पुलिया से आना-जाना होता है जो खतरनाक है, आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुलिया के बगल में नया पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1689. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत नगर पंचायत वार्ड संख्या 1 नया टोला गोपालपुर, पानी कमला रोड चुन्ना के घर से जगदेव मंडल आदिवासी टोला तक पक्की सड़क नहीं है, जिससे यातायात में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

. कार्रवाई करना

*1690. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज तोल में वित्तीय 2017-18 एवं वित्तीय वर्ष 2018-19 में नल-जल योजना के अधीन लगभग 54 लाख रुपये की निकासी की गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राशि से 6 योजनाओं का निर्माण कराना था लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों और सरकारी पदाधिकारियों ने उन योजनाओं का निर्माण पूरा नहीं किया और राशि की निकासी कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी राजस्व के गबन की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुये सरकारी राजस्व की वसूली करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल निकासी कराना

*1691. श्री राम रतन सिंह (क्षेत्र संख्या-143 तेघड़ा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा तथा तेघड़ा प्रखंड के करीब हजारों एकड़ चंवर की जमीन बरसात के पानी से पूरा डूबे रहने के कारण जल-जमाव के चलते हजारों किसान का कृषि कार्य प्रभावित होते रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चंवर से जल निकासी का स्थाई निदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रखंड बनाना

*1692. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड में धमौल एक बड़ा बाजार है, जहां थाना, अस्पताल, बैंक, यातायात की सुविधा उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह पकरीबरावां प्रखंड से 10 कि०मी० दूर अवस्थित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि धमौल बाजार प्रखंड बनने की सभी अर्हताओं को पूरा करता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक धमौल को प्रखंड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि पकरीबरावाँ प्रखंड मुख्यालय से धमौल बाजार की दूरी लगभग 12 कि०मी० है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा पकरीबरावाँ प्रखंड के 'धमौल' को नये प्रखंड का दर्जा दिये जाने से संबंधित विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया गया है, जिसपर प्रमंडलीय आयुक्त की सहमति प्राप्त है ।

जिला पदाधिकारी, नवादा से प्राप्त प्रतिवेदन अपूर्ण है, जिसके आलोक में कतिपय बिन्दुओं को स्पष्ट करते हुये पंचायत समिति द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति सहित विहित प्रपत्र में पूर्ण प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी के स्पष्ट मंतव्य के साथ प्रमंडलीय आयुक्त के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है । पूर्ण प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात् निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी ।

(4) उपर्युक्त खंडों में वस्तुस्थिति स्पष्ट कर दी गयी है ।

सड़क का चौड़ीकरण

*1693. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड एन0एच0 31, आई0टी0बी0पी0 कैम्प चथरियापीर से एन0एच0 81 तक का पथ, जो सिंगल लेन सड़क है और आई0टी0बी0पी0 कैम्प से सीधा जिला मुख्यालय को जोड़ती है, सड़क सिंगल लेन होने के कारण हमेशा जाम लगा रहता है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य करवाना

*1694. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सीतामढ़ी, परसौनी रेलवे पथ पर बन रहे आर0ओ0बी0/एल0सी0 56 का कार्य काफी धीमी गति में है, धीमी गति से कार्य निर्धारित समय-सीमा में नहीं हो सकता है, जिससे आमजनों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कार्य निर्धारित समय पर कार्य सम्पन्न करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1695. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0जा0))--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 नवम्बर, 2022 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "मजदूरों को पता भी नहीं और बना दिया गया उनके नाम से जॉब कार्ड" के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के ग्राम पंचायत, कीर्तनिया में मनरेगा के तहत मजदूरों के नाम दो-दो जॉब कार्ड बनाकर एक दिन में दो अलग-अलग स्थानों पर काम दिखा कर गैर-कानूनी तरीके से राशि की निकासी किया गया है इस संबंध में मनरेगा आयुक्त एवं प्रमंडलीय आयुक्त को शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई है, जबकि एक व्यक्ति के नाम से एक ही जॉब कार्ड बनाने का नियम है, यदि हाँ, तो सरकार गलत जॉब कार्ड बनाने की जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1696. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के फतेहपुर पंचायत अन्तर्गत वार्ड नम्बर 17, हरिजन टोला से जे0बी0सी0 नहर पर वार्ड नम्बर 18, हरिजन टोला होते हुये बड़हरा सीमा तक कच्ची सड़क है, जिससे उक्त टोला के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं उक्त सड़क पर बरसात के तीन महीने कीचड़मय स्थिति उत्पन्न हो जाती है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक नरपतगंज प्रखंड अन्तर्गत फतेहपुर पंचायत के वार्ड नम्बर 17 एवं वार्ड नम्बर 18 के हरिजन टोला वासियों के लिये पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप के मेंटेनेंस करने

*1697. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 जुलाई, 2022 को प्रकाशित शीर्षक "सूखे का संकट नलकूपों से भी किसानों को राहत नहीं" के आलोक में क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के मेढ़ा, छेवरी सहित बिहार राज्य के 6140 नलकूप खराब है एवं 300 से अधिक नलकूप अभी भी पूरी तरह से बेकार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नलकूप खराब होने से किसान पूरी क्षमता के साथ अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिसका असर उनकी ऊपज पर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार, कैमूर जिला के मेढ़ा, छेवरी सहित बिहार राज्य के 6140 नलकूप एवं 300 से अधिक बेकार नलकूप को मेंटेनेंस कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1698. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखंड मुख्यालय स्थित एस0एच0 54, पथ तुरकौलिया बोरिंग चौक से बैरिया बाजार तक संकीर्ण होने के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर एस0एच0 54 का चौड़ीकरण कर बीचों-बीच डिभाईडर तथा दोनों तरफ नाला बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1699. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत रक्सौल शहर कोड़रिया टोला नहर चौक स्थित पुल छोटा होने यानी लम्बाई-चौड़ाई कम होने के कारण पुल के दोनों तरफ हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का टू लेन में परिणत कर निर्माण कराया जा रहा है परंतु बड़े पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित हो रही है और जाम की समस्या बन रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक कोईरिया टोला नहर चौक पर वृहद पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का जीर्णोद्धार

*1700. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के अन्तर्गत सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, दाऊदनगर के अधीन सोन उच्चस्तरीय मुख्य नहर के पटना, कैनाल के 32 आर0डी0 से कोचहसा तक नहर जर्जर है जिससे इस क्षेत्र के करीब 2000 एकड़ भूमि की सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1701. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत SH 103 का निर्माण मंझवे से फतेहपुर होते गोविन्दपुर तक हो रहा है जबकि यह सड़क बिहार-झारखंड सीमा के दर्शन गाँव तक प्रस्तावित था, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को दर्शन तक विस्तार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1702. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत अलौली प्रखंड के हथवन पंचायत से सत्रहटा ग्राम से खेलवा होते हुए मेघौना आर0ई0ओ0 भटा तक 05 कि0मी0 सड़क जर्जर स्थिति में है, आमजनता को आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक खगड़िया जिला अंतर्गत अलौली प्रखंड के हथवन पंचायत के सत्रहटा ग्राम से खेलवा होते हुए मेघौना आर0ई0ओ0 भटा तक 05 कि0मी0 जर्जर सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवंटित राशि का उपयोग

*1703. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 नवम्बर, 2022 को प्रकाशित शीर्षक ''राशि खर्च करने में कई जिले उदासीन'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 15वीं आयोग के अनुशंसा के आलोक में राष्ट्रीय ग्राम योजना (आर0जी0एस0ए0) के तहत पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए आवंटित राशि के आलोक में गया, जमुई, पटना, मुंगेर, नवादा, भोजपुर, बक्सर सहित अन्य जिलों में न्यूनतम राशि खर्च किये गये, यदि हाँ, तो सरकार उक्त राशि खर्च नहीं करने वाले सम्बन्धित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए शीघ्र निर्धारित राशि के उपयोग करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत 500 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण के लिए प्रति पंचायत 20 लाख रुपये की दर से राशि देने का प्रावधान है। उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक 8045, दिनांक 23 अगस्त, 2022 द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 494 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की दर से कुल 49 करोड़ 40 लाख रुपया ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराया गया। पुनः पत्रांक 12363, दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 द्वारा उन पंचायतों में से 220 ग्राम पंचायतों को 10-10 लाख रुपये की दर से कुल 22 करोड़ रुपये राशि उपलब्ध कराया गया। गया जिले को 16 लक्ष्य के विरुद्ध 13, जमुई 18 लक्ष्य के विरुद्ध 17, पटना 05 लक्ष्य के विरुद्ध 02, मुंगेर 3 लक्ष्य के विरुद्ध 00, नवादा 26 लक्ष्य के विरुद्ध 14, भोजपुर 06 लक्ष्य के विरुद्ध 05, बक्सर 12 लक्ष्य के विरुद्ध 09 एवं अन्य जिलों द्वारा भी अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राशि का व्यय किया गया है। विभागीय पत्रांक 1105, दिनांक 31 जनवरी, 2023 द्वारा मुंगेर, सारण, सहरसा, अररिया, सीतामढ़ी, खगड़िया, पूर्णियाँ, पटना, नवादा, अरवल, भोजपुर, दरभंगा, मधेपुरा एवं वैशाली को शत-प्रतिशत राशि व्यय करने हेतु निदेशित किया गया है एवं विभागीय पत्रांक 1503, दिनांक 10 फरवरी, 2023 मुंगेर एवं सारण को राशि एक सप्ताह के अन्दर व्यय करने का निदेशित किया गया है। अन्यथा शिथिलता बरते जाने के लिए नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी है। अबतक 714000000/-(इकहत्तर करोड़ चालीस लाख) रुपये के विरुद्ध जिलों के प्रतिवेदनानुसार 402454942/-(चालीस करोड़ चौबीस लाख चौवन हजार नौ सौ ब्यालीस) रुपये का व्यय किया जा चुका है। शेष राशि शीघ्र ही व्यय कर ली जायेगी ।

--------

सड़क का निर्माण

*1704. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के पिपरिया प्रखण्ड के पथुआ गांव तथा सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के एन0 एच0-80 से धनौरी गांव तथा चानन प्रखण्ड के निमियाटांड गांव में आजतक सम्पर्क पथ मुख्य सड़क से नहीं जुड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य सड़क से सम्पर्क पथ नहीं रहने के कारण ग्रामीण जनता को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को सम्पर्क सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1705. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी पंचायत मुख्यालयों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य कराने को सरकार संकल्पित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत 55, कोचाधामन विधान सभा के प्रखंड कोचाधामन, पंचायत-पुरन्दाह मुख्यालय में बिहार सरकार की भूमि उपलब्धता के उपरांत भी अबतक पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत मुख्यालय में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1706. श्री अमर कुमार पासवान (क्षेत्र संख्या-91 बोचहाँ (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बोचहां विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड बोचहां के ग्राम पंचायत राज बल्ली रूसूलपुर के ग्राम-सहनगरी के महादलित बस्ती, ग्राम पंचायत राज मैदापुर के ग्राम-हुसैनपुर के महादलित बस्ती एवं ग्राम-मैदापुर के महादलित बस्ती तथा ग्राम-हुसैनपुर के सहनी टोले में अभीतक संपर्क पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महादलित बस्ती तक जाने के लिए सड़क निर्माण में निजी जमीन बाधक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित बस्ती में जमीन का अधिग्रहण कर सम्पर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानांतरित करना

*1707. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखण्ड के रधाउर मोड़ से हाई स्कूल रधाउर तक 5 कि0मी0 सड़क जर्जर है, जिससे आमजनता को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क के निर्माण हेतु इस सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से लोक निर्माण विभाग को स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1708. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी प्रखंड अन्तर्गत भिखनपुरा पंचायत वार्ड नं0 16 जहां करीब 150 दलित घरों की आबादी है की सड़क कच्ची है एवं नाला नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त टोला में सड़क का पक्कीकरण एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1709. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखंड के केशौली पंचायत अंतर्गत महानय नदी पर बना पुल बहुत ही जर्जर हो चुका है, जिसका उपयोग प्रतिदिन इस प्रखंड की आमजनता आवागमन के लिए करते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर का पक्कीकरण

*1710. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर प्रखण्ड अन्तर्गत ईश्राईन खुर्द पंचायत के जदुआपट्टी नहर से लेकर खुर्दा 18 नं० रोड तक नहर कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बोल्डर पीचिंग कराना

*1711. श्री विजय कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-51 सिकटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत सिकटी प्रखण्ड के ढेंगापुर पंचायत के परिया घाट में बोल्डर पीचिंग नहीं रहने के कारण बाढ़ के समय में बकड़ा नदी के तेज बहाव से लोगों के घर द्वार का कटाव होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य करवाना

*1712. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के कररूआ नाला की लम्बाई जो लगभग 35 किलो मीटर है, जिसमें कनौली से नीचे कार्य कराया गया है जबकि सुमेरा से कनौली तक के कार्य को छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुमेरा से कनौली तक कार्य करवाने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । इस योजना के DPR पर विभागीय तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा सहमति प्राप्त है। शीघ्र ही निधि उपलब्धता एवं विभागीय प्राथमिकता के आधार पर विहित प्रक्रिया के तहत कार्य कराया जा सकेगा।

------------

सड़क का निर्माण

*1713. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत पहलेजा घाट (कसमर) पिपापुल गंगा नदी पार से लोदीपुर-जान मोहम्मद होते हुये छितरचक तक एवं पिपापुल गंगा नदी पार से नवडिहा होते हुये रमसापुर तक सड़क कच्ची रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*1714. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखण्ड कार्यालय का चहारदीवारी नहीं

है, जिसके कारण प्रखंड का जमीन अतिक्रमण हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चहारदीवारी नहीं रहने के कारण प्रखंड परिसर में आवारा पशु घुमते रहता है एवं परिसर गंदा कर देता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड कार्यालय, के जमीन का अतिक्रमण मुक्त कराते हुये चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रशासनिक स्वीकृति करना

*1715. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिन्द प्रखण्ड के ग्राम-बरहोग एवं प्रखंड सरमेरा के धनामा डीह में जमीन्दारी बाँध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्थलों पर जमीन्दारी बाँध का डी०पी०आर० तैयार होने के बावजूद भी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण हजारों एकड़ जमीन में लगे फसल डूब जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थलों पर जमीन्दारी बाँध हेतु तैयार डी०पी०आर० की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध का पक्कीकरण

*1716. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिले (कदवा प्रखंड, आजमनगर प्रखंड, प्राणपुर प्रखंड एवं आमदावाद प्रखंड) से गुजरने वाली महानंदा नदी के पश्चिमी तट का बाँध जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध का सुदृढ़ीकरण के साथ पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चैनलों का विस्तारीकरण

*1717. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत करेह नदी के हायाघाट कराचीन तटबन्ध के 24.50 कि०मी० तथा 31.00 कि०मी० में शिवाजीनगर प्रखण्ड के भटौरा स्थल तथा प्ररवाना मेघुलिया स्थल पर काफी पूर्व में स्लूईस गेट के साथ जल निकासी तथा अंतर्ग्रहण चैनल बनवाया गया था जिसमें गाद भर जाने से अनुपयोगी होते जा रहे हैं यदि हाँ, तो सरकार कबतक चैनलों का विस्तारीकरण के साथ पुनर्स्थापन कराते हुये जल प्रबंधन की व्यवस्था कराने का विचार रखती है ?

कार्य कराना

*1718. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत हसपुरा प्रखंड के ग्राम-नगौली में बियर का निर्माण कार्य एवं पीरू आहर रिटर्न सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य प्रशासनिक सहमति नहीं मिलने से रूका हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता-सह-अध्यक्ष तकनीकी सलाहकार समिति लघु जल संसाधन विभाग द्वारा पत्रांक 1941, दिनांक 26 सितम्बर, 2022 को प्रशासनिक स्वीकृति की सहमति हेतु भेजा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्यों हेतु प्रशासनिक स्वीकृति देते हुये कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1719. डॉ० सी०एन० गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा के एन०एच० 85 नयका बाजार से एन०एच० 19 रिविलगंज (सारण) तक सड़क जनवरी, 2020 में निर्माण किया गया था उसे 2024/25 तक मेंटेन ठिकेदार द्वारा करना है, लेकिन सड़क का रिपेरिंग नहीं करने के कारण सड़क जर्जर हो गया है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*1720. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अन्तर्गत लौरिया, कैथवलिया, लोहियरिया, पारस पकड़ी होते हुये छपरा बहास तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है, उक्त पथ में बिजबनिया, कोकिला डीह, सेनवरिया, हरिजन टोली, मिश्रौली, पंवरिया टोला, कैथवलिया, चौबे टोला, लोहियरिया, पारस पकड़ी, धोकराहां गांवों की आबादी भी बसी हुयी है, लेकिन आबादी वाले जगहों पर सड़क के किनारे नाला निर्माण कार्य नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी होती है एवं सड़क पर भी जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ में नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जल निकासी करना

*1721. श्री सिद्धार्थ पटेल (क्षेत्र संख्या-125 वैशाली)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली विधान सभा अन्तर्गत नगर पंचायत गोरौल के ग्राम/थाने गोरौल एवं गोरौल चौर का जमीन पानी से भरा रहने के कारण किसानों के द्वारा कोई फसल का उत्पादन नहीं हो पाता है, जिससे भूखमरी की स्थिति बनी हुयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों के हित में बिजली चालित पम्प लगाकर जल निकासी का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बोल्डर पिचिंग कराना

*1722. श्री अली अशरफ सिद्दीकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गंगा नदी से भागलपुर में कटाव जारी है, जिससे इंजीनियरिंग कॉलेज, भागलपुर से अठगमा तक गंगा नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इंजीनियरिंग कॉलेज, भागलपुर से अठगमा तक गंगा नदी में बोल्डर पिचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बोल्डर पिचिंग कराना

*1723. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत केवटी प्रखंड के कोइलास्थान पंचायत के डलवा गाँव में रामजतन यादव के घर से उर्मिला देवी के घर तक मरनी धार नदी के तेज बहाव के कारण बाँध के साथ-साथ सड़क का भी कटाव हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर बोल्डर पिचिंग या बाढ़ निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का चौड़ीकरण

*1724. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत छावनी-मैनाटांड मुख्य पथ नेपाल को जोड़ता है, जो संकीर्ण एवं जर्जर है तथा उक्त पथ पर आवागमन अधिक रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक छावनी-मैनाटांड मुख्य पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1725. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर, खड़कपुर मुख्य पथ से सोतीपुल से बजरंगबली स्थान होते हुये बरेलवाषा सामुदायिक भवन तक सड़क नहीं बनने से वहां के लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को बनवाकर वहां के लोगों की समस्या को दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आर०ओ०बी० का निर्माण

*1726. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत लहेरियासराय, बहेड़ी मुख्य पथ में पंडासराय रेलवे गुमटी संख्या 18 पर आर०ओ०बी० नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर, दरभंगा रेलवे लाइन का दोहरीकरण होने से पंडासराय रेलवे गुमटी संख्या 18 से रेलगाड़ियों का आना-जाना दिन भर लगा रहता है, जिसके कारण रेल फाटक प्राय: बंद रहती है, इस वजह से आमलोगों को यातायात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समस्तीपुर, दरभंगा रेल खंड के उक्त गुमटी पर आर०ओ०बी० का निर्माण करावाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा जिलान्तर्गत पंडासराय रेलवे गुमटी LC No. 18 पर ROB का निर्माण MOU के तहत प्रस्तावित है । रेलवे द्वारा रेलवे अंश पर सहमति दी जा चुकी है। राज्यांश की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है।

सड़क का निर्माण

*1727. श्री सुनील मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि बाजार से पहाड़पुर के नरकटिया चौक तक पी0डब्लू0डी0 द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराया जाना था जो नरकटिया चौक से 1.5 किलो मीटर पूर्व तक ही बनाकर छोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ के अवशेष भाग का पक्कीकरण नहीं होने से आमजनों को यातायात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नरकटिया चौक से पहले 1.5 किलो मीटर छूटे भाग पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1728. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के नावानगर प्रखंड के आथर पंचायत के ग्राम-डीहपुर टोला से पवरपुर तक पक्की सड़क नहीं हैं, जिसके कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1729. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अलीनगर विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड घनश्यामपुर में प्रखंड मुख्यालय, घनश्यामपुर का भवन पुराना होने के कारण जर्जर है जिससे जनता का कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त प्रखंड का नया मॉडल टाईप का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1730. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड राजपुर के बक्सर कोचस मुख्य मार्ग से श्रीकांतपुर मोड़ से खिरी तक सड़क 5 किलो मीटर है, जो जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है तथा आये दिन दुर्घटना होती रहती है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक बक्सर जिला के प्रखंड राजपुर के बक्सर कोचस मुख्य मार्ग से श्रीकांतपुर मोड़ से खिरी तक सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1731. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार का निर्णय है कि सभी बसावट टोलों तक सड़क निर्माण कराना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत, केनार पहाड़पुर के ग्राम-टोटही महादलित टोला एवं पतुहला महादलित टोला तक सड़क निर्माण नहीं हुआ है जिससे जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1732. श्री भरत बिन्द (क्षेत्र संख्या-205 भभुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के भभुआ प्रखंड के ग्राम पं0 डुमरैठ के सैयदरा गाँव एवं ममहान गाँव के बीच कुहीरा नदी में पुल नहीं होने के कारण दर्जनों गाँवों के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

अनापत्ति प्रमाण-पत्र देना

*1733. श्री फते बहादुर सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी प्रखंड के डिहरी डालमियानगर नगर परिषद् क्षेत्र के डिहरी नगर में डे नल्म योजना के तहत वर्ष 2007 में वेंडिंग जोन बनाने की स्वीकृति मिली थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी से अपने पत्रांक 966/2018, दिनांक 6 सितम्बर, 2018 द्वारा अपर समाहर्ता, रोहतास से उक्त जमीन पर वेंडिंग जोन निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र की माँग की गई थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वेंडिंग जोन निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र कबतक देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1734. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह (क्षेत्र संख्या-1 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड के रामपुर हरनाटांड मुख्य पथ से बलुआ होते हुये कोटैया सड़क तक तथा शिवलाहां मोड़ से कनधुसरी से झरहरवा दलित बस्ती होते हुये गौनोली सड़क तक कच्ची होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1735. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के पचीरा पंचायत के ग्राम-पचीरा, वार्ड नम्बर 7 में अवझा धार के दोनों ओर विभाग द्वारा पक्की सड़क का निर्माण किया गया है किन्तु अवझा धार में ब्रिज गैप है, जिससे लोगों को यातायात में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार अवझा धार में कबतक पुल निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध का निर्माण

*1736. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के नवानी एवं कछुवी पंचायत के मध्य सुपेन नदी गुजरती है जिसमें कनकपुरा से विष्णुपट्टी तक दोनों तरफ तटबंध नहीं रहने के कारण खेती योग्य हजारों हेक्टेयर भूमि में जल-जमाव बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुपेन नदी के दोनों तरफ तटबंध का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*1737. श्री बच्चा पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पंचायती राज व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन में वार्ड सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वार्ड सदस्यों को विगत एक वर्षों से वेतन/मानदेय का भुगतान नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वार्ड सदस्यों के लंबित वेतनादि का एकमुश्त भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि राज्य के त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों के नियत (मासिक) भत्ता के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में निम्नरूपेण राशि उपलब्ध करायी गई है:--

राशि करोड़ में ।

| क्र0सं0 | वित्तीय वर्ष | उपलब्ध करायी गयी राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 225.99 |
| 2 | 2022-23 (अबतक) | 146.90 |

(3) उपरोक्त कंडिकाओं में वस्तुस्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

--------

पुल का निर्माण

*1738. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा विधान सभा अंतर्गत शिवाजीनगर प्रखण्ड में 11 पंचायत है जिसमें 4 पंचायत (दसौत, घिवारी, रहियार उत्तर एवं रहियार दक्षिण) करेह नदी के उसपार पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्षा ऋतु के समय करेह नदी में पानी आ जाने से करीब 4 माह तक प्रखण्ड मुख्यालय एवं अन्य कार्य के लिए यहाँ निवासियों को नाव से आना-जाना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शिवाजीनगर प्रखण्ड के शंकरपुर घाट पर पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1739. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा प्रखंड के मांझी बरौली पथ में रानीबारी बाजार से मड़सड़ा होते नंदा टोला जाने वाली सड़क में मड़सड़ा खाड़ के ऊपर पुल विगत कई वर्षों से क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण लगभग 500 एकड़ सिंचित भूमि में सालोंभर जल-जमाव रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मड़सड़ा खाड़ के ऊपर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाढ़ निरोधक कार्य कराना

*1740. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड नबीनगर के उच्च विद्यालय, पौंड़ू के भूमि का कटाव होल्या नदी के बाढ़ से एवं भटकूर ग्राम में रामरेखा नदी के बाढ़ से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्थलों पर बाढ़ निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*1741. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनिया (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के मोहनिया प्रखण्ड के अंतर्गत दादर पंचायत में एन0एच0-30 से कालीस्थान तक की लगभग 1.5 किलो मीटर सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*1742. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज शहर की मुख्य सड़क संकीर्ण रहने के कारण वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ को चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1743. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनिया (अ0 जा0)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के मोहनिया प्रखण्ड के डडवास पंचायत में भलुही से टिकैतपुर होते हुए हरनाथपुर के मुख्य पथ तक जाने वाली सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग 02 कि0मी0 सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनता को यातायात में असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

झील का सौंदर्यीकरण

*1744. श्री सिद्धार्थ पटेल (क्षेत्र संख्या-125 वैशाली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली स्थित अभिषेक पुस्करणी झील में गाद जमा हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अभिषेक पुस्करणी झील की चहारदीवारी क्षतिग्रस्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त झील की उड़ाही कराते हुये घेराबंदी कर झील के सौंदर्यीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1745. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखण्ड के जम्हारू, इमामगंज पंचायत के रामरूच बिगहा, मुंगिला और बेदौली गाँव में बना स्लूईस गेट जर्जर है, जिससे आस-पास के दर्जनों गाँव की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में स्लूईस गेट निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1746. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड राजपुर के ग्राम-नागपुर से कजरीया तक 03 कि०मी० की सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है तथा आये दिन दुर्घटना होती रहती है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक बक्सर जिला के प्रखंड राजपुर के ग्राम-नागपुर से कजरीया तक सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1747. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के वीरपुर प्रखंड के गेन्हपुर पंचायत के ग्राम-खरमौली से तेघड़ा प्रखंड के चिल्हाय घाट तक जाने वाली सड़क जर्जर है जिसका लगभग 06 किलो मीटर मुख्य सड़क का निर्माण नहीं होने से दो प्रखंडों के ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*1748. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखण्डान्तर्गत पतेलिया में दिव्यधाम के नजदीक गंडक नदी पर पुल का निर्माण एवं साखमोहन पंचायत में शहीद विरेन्द्र सिंह के घर के सामने बैती नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थानों पर पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## बाँध का मरम्मती

*1749. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड परसा के ग्राम-बलिगाँव में गंडक नदी से कटाव हो रहा है, जिससे ग्रामवासियों का घर भी चपेट में आने लगा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों के पास बाढ़ निरोधात्मक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पथ का चौड़ीकरण

*1750. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर से जसौला, बखरी, मधु छपरा भाया बैरिया बाजार होते हुये कोटवा प्रखण्ड के बझिया बाजार तक 8 कि०मी० ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन इस पथ की चौड़ाई कम होने के कारण आवागमन एवं परिवहन में असुविधाजनक स्थितियों का सामना करना पड़ता है, इस पथ से हजारों की संख्या में प्रतिदिन वाहनों का आना-जाना होता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का चौड़ीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## कटाव रोकना

*1751. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के दामोदरपुर पंचायत के अन्तर्गत ग्राम-जवईनियाँ में गंगा नदी के पानी से काफी तेजी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कटाव को रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण कराना

*1752. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा विधान सभा के सिंघिया प्रखंड के कलाली चौक से दरभंगा जिला के मसान चौक तक जाने की एक मुख्य सड़क कम चौड़ी होने के कारण आवागमन का दवाव अत्यधिक हो गया है जिससे आमजनता को जाम की समस्या झेलना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कलाली चौक से दरभंगा जिला के मसान चौक (मसानखोन) तक के पथांश में कलाली चौक से बलहा तक के पथ की लम्बाई 7.90 कि०मी० एवं चौड़ाई 3.75 मी० है । वर्तमान में यह प्रथ OPRMC Phase-II के अन्तर्गत संधारित है । पथ की स्थिति अच्छी है । तकनीकी सम्भाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप चौड़ीकरण पर विचार किया जायेगा ।

------------

सड़क का निर्माण

*1753. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर प्रखंड के अन्तर्गत शाहपुर चैक से शिव मंदिर चैक तक सड़क निर्माण का कार्य 05 (पाँच) वर्षों से अधूरा है बीच के एक किलो मीटर सड़क की स्थिति भयावह है, जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

फलाई ओवर के निर्माण

*1754. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर में कोल्ड स्टोरेज चैक से गांधी चैक तक फ्लाई ओवर निर्माण कार्य एन०एच०ए०आई० के द्वारा 1 वर्ष पूर्व आरंभ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दो माह काम करने के बाद विभाग काम बंद कर दिया गया जिसके कारण उक्त स्थल पर गड्डे और जल-जमाव के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर अधूरे फलाई ओवर के निर्माण को पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1755. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड मोहनपुर में मोहनपुर से पहाड़पुर जाने वाले पथ में जो मोहनपुर, बाराचट्टी जीटी रोड, अमकोला होते भलुआ जीटी रोड से जोड़ने वाली सड़क में नेताने नदी पर पुल नहीं है जिसके कारण आमजनों को आवागमन में घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 05 वर्ष पूर्व इस पुल का निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया और योजना निर्माण से संबंधित बोर्ड भी गाड़ा हुआ है फिर भी पुल का निर्माण अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक नेताने नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1756. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मटिहानी विधान सभा अंतर्गत मनियप्पा पंचायत के वुल्लक टोली एवं रजक टोली ग्राम का मुख्य सड़क से संपर्कता नहीं है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गांवों के बसावट को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु संपर्क पथ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का पक्कीकरण

*1757. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड मदनपुर में जी०टी० रोड शिवगंज पशु मेला होते हुये गैबाल विगहा, घोड़ा डिहरी, देव मदन पुर पथ तक पक्की पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में असुविधा होती है एवं कई पंचायत और गांव विकास कार्य से वंचित हैं, है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर की सफाई

*1758. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिलान्तर्गत त्रिवेणी कैनाल नहर शाखा जो बाल्मीकिनगर से रक्सौल जाती है, उसमें गाद (सिल्ट) भर जाने के कारण डिज़ाईन के अनुसार जल प्रवाह का डिस्चार्ज नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नहर शाखा के 157 RD से 162 RD तक ही गाद की सफाई कराई गयी है तथा बाकी बचे नहर के गाद की सफाई नहीं करायी गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कैनाल पर गाद भर जाने के कारण 2750 क्यूसेक जल डिस्चार्ज के विरुद्ध मात्र 1500 क्यूसेक जल का डिस्चार्ज हो पा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर से गाद (सिल्ट) की सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना:
दिनांक 15 मार्च, 2023 (ई०) ।

पवन कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु०-85 (एल०ए०), 2022-23 डी०टी०पी०-550